स्था हमारे प्रदेश में चल रही है उसका संबंध ने ३० जून, ५२ को खाद्य समस्या पर सरकार का चित्र मैंने अपनी उस घोषणा में प्रकाशित न्दा कार्य करने वाली थी। उस घोषणा के उत्तरोत्तर हमने इस बात की चेष्टा की कि का प्रत्यक्ष फल पिछले और आयन्दा वर्ष से विदित है कि हमारे प्रदेश में जिस प्रकार समस्या हमारे बीच में आ जब कि गल्ले ात की आशा करते हैं कि की फसल के सकेगी जब हम आयन्दा के लिए अपनी स्टाक के रूप में रख सकें। जब ३० जून क प्रदेश में राशनिंग को बंद कर लोगों को ाप्स का निर्माण किया जाय और उनके जससे कि इस बदलती हुई नीति के जमाने में मय यह निर्णय किया था कि हमने जो इतर लगा रखा था, वह भी धीरे धीरे उत्तरोत्तर ल्ले की कीमत घटती गई और वह करीब कोटा शाप्स के द्वारा निर्धारित हुई थी और जहां आस्टरिटी राशनिंग हुआ करती थी मिल ई से उन २६ शहरों में जहां रिलीफ कोटा बन्द किया। फिर अक्तूबर के महीने में १२ अब जनवरी से हमने बाकी जितने प्रदेश के ा लिया।

त्र बाक़ी है जहां अक्सर गल्ले का अभाव दी के पूर्व जिले हमारे देश के वे क्षेत्र हैं यय-समय पर उन क्षेत्रों में एक समय पैदा हो र्षा न होने के कारण वहां के लोगों को गल्ले देश के कुछ पहाड़ी क्षेत्र हैं जहां गल्ला सिट एरियाज समझे जाते हैं ऐसे स्थानों पर ये इस बात की आवश्यकता है कि हम अपने वें जिससे आवश्यकता पड़ने पर हम इन । यही वजह है कि आज भी हमारे गोदामों वे हमें शीघ्र से शीघ्र निकाल भी देना है।

काफी रक़म तो उस गोदाम से सम्बन्ध रखती को इधर से उधर ले जाने में व्यय होता है के हमारे स्टाफ के ऊपर व्यय होती है। उस नन कर रहे हैं। यह तो हम अच्छी तरह से सभी सीमेंट पर नियंत्रण है, अभी नमक और फियूएल व लाइट कोल के ऊपर भी ावश्यकता है। हममें से हर एक अच्छी है उसकी मांग किस तरह से जगह जगह पर

है। इसके अलावा इसी पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत हमारे रिवर वैली प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं उनके लिए उनकी मांग है, प्लानिंग डिपार्टमेंट की मांग है, पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट की मांग है। जो आम जनता की मांग निर्माण सामग्री के लिये है वह उसकी आवश्यकता के अनुपात से पूरी नहीं हो पाती है क्योंकि जो कोटा हमारे प्रदेश में सीमेंट का मिलता है वह कम है। २४ हजार टन प्रतिमास हमें सीमेंट मिलता है जब कि आवश्यकता हमारी ४० हजार टन प्रतिमास के करीब है। वह आवश्यकता कैसे पूरी की जावे, यह प्रश्न सदैव हमारे सामने रहता है। इसी तरह से लकड़ी की व्यवस्था है। लकड़ी की भी जगह जगह पर आवश्यकता है। जो सरकारी जंगल हैं उनकी लकड़ी, जो बाजारों में आती है वह हमारी उस लकड़ी के मुकाबले में जो कि बाजारों में प्राइवेट फारेस्ट से आती है, उससे कहीं सस्ती होती है। इसलिये उस पर भी नियंत्रण रखने की आवश्यकता है कि हमारे सरकारी जंगलों की लकड़ी प्राइवेट फारेस्ट से आने वाली लकड़ी के दामों को रोकने में मदद पहुंचाती रहे।

इसी तरह से साफ्ट कोक भी आज एक रोजमर्रा के जीवन की आवश्यक चीज बन गयी है क्योंकि उसके इस्तेमाल को हम उस गोबर के मुक़ाबले में अच्छी तरह से कर सकते हैं जिसको हम दूसरे इस्तेमाल में ला सकते हैं। उसका वह इस्तेमाल जो खेत से सम्बन्ध रहता है अधिक मूल्यवान है और इसलिये इसको भी प्रसारित करने के लिये और साथ में लकड़ी को कम चलाने की समस्या को हल करने के लिये भी उसके ऊपर नियंत्रण रखना पड़ रहा है।

इसी तरह से हमें ईंटों के पाथने के लिये कोलडस्ट के ऊपर भी नियंत्रण रखना पड़ रहा है और यह सब चीजें केन्द्रीय सरकार से सम्बन्ध रखने वाली नियंत्रण की चीजें हैं।

मकानों को किराये पर उठाने के बारे में जो नियंत्रण है उसके लिये तो सदन को बताने की आवश्यकता नहीं है कि आज के समय में मकानों की कितनी बड़ी समस्या है। इन्हीं सब नियंत्रणों को जारी रखने के लिए हमें इतनी बड़ी रक़म सदन से स्वीकृत कराने के लिये रखनी पड़ी है। यह न समझना चाहिये अब इसकी आवश्यकता नहीं है। मैं तो सदन से विनम्रतापूर्वक कहना चाहूंगा कि जो भी नियंत्रण आज हैं उनकी आज बहुत बड़ी आवश्यकता है। मैं तो सदैव उन व्यक्तियों में से रहा हूं जो यह कहते रहे हैं कि नियन्त्रण यदि अच्छा नहीं है तो बुरा भी नहीं है। इस माने में कि नियंत्रण तो किसी ध्येय की पूर्ति के लिये हमारे बीच में लाये गये हैं यह ध्येय मनुष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने का है। यदि वस्तुओं और पदार्थों की कमी है तो आज के युग में उन्हें लोगों तक कुछ न कुछ मात्रा में पहुंचाने के लिये नियंत्रण के अलावा कोई चारा नहीं है। इसलिये ऐसे समय में जब डिकंट्रोल की पालिसी बारम्बार जगह-जगह दोहरायी जा रही थी मैं उन व्यक्तियों में से रहा हूं जिन्होंने उस ग़लत समय में भी डिकंट्रोल की आवाज का विरोध किया है। मुझे इस बात की खुशी है कि आज बहुत से क्षेत्रों में खास कर अन्न के क्षेत्र में इतनी उन्नति हुई है कि अब हमारे बीच में ऐसा समय आ गया है कि जब हम विनियंत्रीकरण की नीति को अपना सकते हैं और नियंत्रण के झमेले से इस प्रदेश की जनता को छुटकारा दे सकते हैं। हम इस नीति को अपनाते जा रहे हैं और उत्तरोत्तर इस बात के प्रयत्न में लगे हुये हैं। जहां तक खाद्यान्न का प्रश्न है वहां तक क़रीब क़रीब हमने हर प्रकार का नियंत्रण हटा लिया है और जब से केंद्रीय सरकार ने यह घोषित कर दिया है कि मोटा गल्ला जो अब तक प्रदेश से बाहर नहीं जा सकता था अब वह जा सकता है, तब से हमारी नीति और स्पष्ट हो गई है। आज अब मोटा गल्ला भी प्रदेश के बाहर जा सकता है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जहां इंटर डिस्ट्रिक्ट मूवमेंट पर रेस्ट्रिक्शन कभी रहा करता था वहां अब वह भेजा जा सकता है। अलावा पूर्वी जिलों के जहां आज भी हमने नियंत्रण लगा रखा है यह जानते हुये कि पूर्वी जिलों में गल्ले की कमी है, वहां हमने अवश्य इस प्रकार का नियंत्रण केन्द्र की राय से लगा रखा है ताकि वहां की जितनी पैदावार होती है वहां जितना ग़ल्ला है वह बाहर न जाने पावे। वहां से प्रदेश के किसी हिस्से में या प्रदेश से बाहर जाने की

[श्री चन्द्रभानु गुप्त]

अनुमान नहीं है। उस क्षेत्र में किसी प्रकार की कमी न आने पावे इसके लिये समय-समय पर हम अन्य जिलों से गल्ला भेजते रहे हैं। इसी तरह पहाड़ी क्षेत्रों में जहां गल्ले का अभाव सदा रहता है सरकार की नीति के अन्तर्गत वहां समय समय पर हमारे सरकारी गोदामों से गल्ले का वितरण होता है और एक बंधी हुई कीमत पर गल्ला वहां की जनता को दिया जाता है ताकि श्री मदनमोहन जी के क्षेत्र के व्यक्ति भूख से तड़पे नहीं और अपने बीच में अधिक बुलफरोशी को जन्म न दें। नियंत्रण को जो कुछ थोड़ी बहुत मशीनरी हम अपने बीच में रखना चाहते हैं उसके यही कारण हैं जिनका जिक्र मैंने अभी सदन के सामने किया। हमारी राज्य सरकार को जैसा मैंने अभी बतलाया कि वह नियमित वस्तुएं केंद्र के द्वारा ही करता है। और केंद्र ही उसका कोटा निर्धारित करता है।

हमारे प्रदेश में अब शुगर पर से भी बहुत कुछ नियंत्रण हट गया है। केंद्र ने मिलों की ७५ फीसदी पैदावार बिल्कुल फ्री कर दिया है और सिर्फ २५ फीसदी अपने कब्जे में रखा है। अगर कहीं शक्कर की कीमतें बढ़ जाती हैं तो केन्द्र की सरकार विभिन्न प्रदेशों में उनकी मांग पर शक्कर को भेजवाती है। वह शक्कर जहां आती है वहां वह बंधी हुई क़ीमत पर बेची जाती है। इससे उन प्रदेशों में जहां यह बेचने के लिये जाती है वहां शक्कर की क़ीमतें बढ़ने नहीं पातीं बल्कि क़ीमतें गिर जाती हैं।

सीमेंट के बारे में जैसा कि मैंने जिक्र किया कि हमारे यहां आवश्यकता के अनुपात में वह नहीं आ रही है इसलिये हमने इस वर्ष इस बात की कोशिश की है कि हम और क्षेत्रों से जहां कि सीमेंट की फैक्टरीज ज्यादा पैदा करती हैं जो कि हमारे जोन में नहीं हैं उनसे हम अधिक सीमेंट लेने का प्रयत्न करें। इसमें हम सफल भी हुये हैं यद्यपि उन फैक्टरियों से जो हुई सीमेंट के लिये हमें अधिक क़ीमत देनी पड़ती है। वह इसलिये कि वह फैक्टरीज हमारे यहां से बहुत दूर पर है और उस सीमेंट को यहां लाने में अधिक रेल का किराया देना पड़ता है। यही कारण है कि वह सीमेंट अधिक दामों पर उन क्षेत्रों में बेची जाती है जहां कि हमने उसके बेचवाने का प्रबन्ध किया है। हमने अपने प्रदेश में अधिक दामों पर सीमेंट बेचने की योजना इस लिये मन्जूर की क्योंकि जैसा मैंने बतलाया कि हमारे यहां देहाती क्षेत्रों में सीमेंट की बहुत आवश्यकता थी और खास कर हमारे पश्चिमी जिलों में उसकी मांग थी और इसीलिये हमने अपने प्रदेश में ज्यादा क़ीमत वाली सीमेंट मंगवाली। वह सीमेंट हमारे यहां जिस भाव पर कभी-कभी चोर बाजार में अभाव के कारण बिक जाती है उससे फिर भी कम दामों पर बिक सकेगी। हमने कुछ जिलों में इस सीमेंट के भेजवाने की योजना तैयार की है और उस योजना के अन्तर्गत यह क़ीमती सीमेंट उन जिलों में भेजी जा रही है। ऐसे जिलों के रहने वालों को यह शिकायत हो सकती है कि हमारे ही जिले में क़ीमती सीमेंट क्यों भेजी जावे और कम क़ीमत वाली सीमेंट हमारे क्षेत्र में क्यों न भेजी जावे। उनका यह एतराज जा एतराज भी हो सकता है परन्तु हम चाहते हैं कि अपने प्रदेश के ऐसे क्षेत्रों में जहां गरीबी अधिक है और जहां पर सीमेंट की आवश्यकता है वहां ऐसी व्यवस्था करें कि वहां की गरीब जनता भी सीमेंट प्राप्त कर सके तो वहां तो हमें कम क़ीमत वाली सीमेंट भेजनी चाहिये और इसीलिये हमने प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में खास कर ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट्स में कम क़ीमत वाली सीमेंट भेजवाने का प्रबन्ध किया है परन्तु इस तरफ बुन्देलखंड के इलाके के लिये ऐसा प्रबन्ध हो रहा है कि ऐसी ज्यादा क़ीमत वाली सीमेंट को भेजवायें क्योंकि वहां के लोग जो इस सीमेंट की आवश्यकता समझते हैं और मांग करते हैं वह कदाचित इस अधिक क़ीमत वाली सीमेंट को भी खरीद सकें। हमारा ऐसा विश्वास है कि जब हमारे बीच में मिर्जापुर की फैक्टरी स्थापित हो जायगी और अपना कार्य प्रारम्भ कर देगी तो यह अधिक क़ीमत वाली सीमेंट की खोज में हमें ऐसी फैक्टरियों में नहीं जाना पड़ेगा जो प्रदेश से दूर स्थापित हैं और जिनसे मंगाया हुआ सीमेंट यहां अधिक क़ीमत पर बिक सकता है। पांच छः महीने के बाद हम समझते हैं कि मिर्जापुर की फैक्टरी हमारे प्रदेश में कार्य करने लगेगी और फिर उसका बनाया हुआ सीमेंट हमारे प्रदेश के उन क्षेत्रों में ऐसी क़ीमत

पर बेचा जा सकेगा जो कि केंद्रीय सरकार से निर्धारित है और जो उन फैक्ट्रियों की है जो कि हमारे जोन में रखी गयी हैं।

इसी तरह से अभी साल्ट के नियंत्रण का आप के सामने मैंने जिक्र किया। हर महीने हमें लगभग २७००० वैगन नमक की जरूरत पड़ती है। नमक भी हमें कोई एक स्थान से नहीं मिलता है। पहले हम अपनी आवश्यकताएं सांभर से जो नमक आता था उससे पूरी करते थे और राक साल्ट से पूरी करते थे। राक साल्ट तो अब हमारे देश में पैदा नहीं होता क्योंकि वह तो पाकिस्तान के हिस्सों में पैदा होता था और जब से पाकिस्तान हमसे अलाहिदा हुआ, केंद्रीय सरकार की यह नीति रही कि हम अपने देश के अन्दर ऐसा नमक पैदा करें जिससे हमें विदेशों को न जाना पड़े और पाकिस्तान से न मांगना पड़े, अदन से न मांगना पड़े, इटली से न मांगना पड़े क्योंकि अलावा पाकिस्तानी नमक के हमारे यहां बाहर का सी साल्ट भी आता था। हमें इस बात की खुशी है कि इन तीन चार वर्षों से केंद्रीय सरकार के प्रयास से हमारे देश में इतनी मात्रा में नमक पैदा होने लगा है कि अब हमें विदेशों से नमक मांगने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। हम जानते हैं कि हमारे प्रदेश में खास कर लाहौरी नमक बहुत से लोग खाते थे और पसन्द करते थे। परन्तु जब से हमारा और पाकिस्तान का बटवारा हो गया, उस नमक का आना तो बन्द ही हो गया, हमने यह भी मुनासिब समझा कि विदेशों से नमक मंगवा कर जो हम व्यय करते थे उसके बजाय हम अपने देशीय नमक का इस्तेमाल करें क्योंकि उसके इस्तेमाल करने से हम अपने देश का करोड़ों रुपया भी बचा सकते हैं और साथ ही अपने देश की एक इंडस्ट्री को प्रोत्साहन भी दे सकते हैं। परन्तु आज हमें सांभर से उतना नमक मिलता नहीं जितना हमें पहले मिला करता था। क्योंकि आज सांभर में उतना नमक पैदा नहीं होता जितना सांभर लेक में पहले पैदा होता था पहले हमारे प्रदेश में २७, २८ सौ वैगन्स मोटर गाज के आते थे, परन्तु अब वे ७, ८ सौ वैगन्स रह गये हैं। इसलिये केंद्र ने हमारे प्रदेश को ऐसे स्थानों से जोड़ दिया है जहां और नमक पैदा हो रहा है। कांधला जो कि कच्छ में है, धरमधा जो कि सौराष्ट्र प्रदेश में है और एक और खारागोड़ा जो कि बम्बई प्रदेश में है जहां से हमको नमक मिलता है। इस तरह से चार स्थानों से हमको नमक मिलता है और वह सारे स्थान अब हमारे प्रदेश को नमक भेज रहे हैं। हमारे कुछ ऐसे जिले हैं जो कि सांभर के जोन से जोड़े गये हैं, कुछ धरमधा से जोड़े गये हैं, कुछ कांधला से जोड़े गये हैं और कुछ खारागोड़ा से इस तरह से हमारे प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में नमक आता है। सांभर से जो नमक आता है वह सस्ता पड़ता है बनिस्बत उस नमक के जो उन क्षेत्रों से आता है जिनका नाम अभी मैंने आप के सामने लिया। उसमें भी हमको यह नीति बरतनी पड़ती है कि कुछ जिलों में हमने सांभर का नमक भेजवाया है और कुछ को उन स्थानों से जोड़ा है जिनका जिक्र मैंने अभी किया। अभी कल कुछ सदस्य मुझ से शिकायत कर रहे थे। वे खास कर पश्चिमी जिलों के थे, वे यह कह रहे थे कि हमारे यहां आप सी साल्ट भेजने लगे हैं यद्यपि हमारे स्थानों से नजदीक सांभर लेक है और वहां का नमक सस्ता आता है,। हमारे यहां अधिक क़ीमत का नमक क्यों भेजा जाता है। यह तो हमारे लिये संभव नहीं है कि हम दोनों क़ीमत वाले नमक को एक ही जिले में भेजें क्योंकि यदि दोनों क़ीमत वाले नमक को एक ही जिले में भेजें तो नतीजा उसका यह होगा कि जो कम क़ीमत वाला नमक है उसका बेचने वाला ही अधिक क़ीमत चार्ज करेगा और वह अधिक मुनाफा कमाने की चेष्टा करेगा। कल एक सुझाव कुछ सदस्यों ने हमारे सामने उपस्थित किया और वह यह था कि आल्टर्नेटिवली इन स्थानों पर कम क़ीमत वाला और ज्यादा क़ीमत वाला नमक भेजा जाना चाहिये। इस प्रश्न का सम्बन्ध वैगन्स की पोजीशन से भी है। जहां तक इस मांग का सम्बन्ध है मेरी पूरी सहानुभूति इस मांग से है और मैंने अभी आदेश अपने विभाग के कर्मचारियों को दिया है कि वे इस प्रकार की कोई योजना तैयार करें जिससे कि आल्टर्नेटिवली कम क़ीमत वाला और ज्यादा क़ीमत वाला नमक एक जिले में आता रहे जिससे कि किसी एक जिले के रहने वाले व्यक्तियों के ऊपर अधिक बोझ न पड़े।

[श्री चन्द्रभानु गुप्त]

मैंने आप से कोल्ड डस्ट के बारे में भी कहा। कोल्ड डस्ट हमारी ईंटों के पकाने के लिये इस्तेमाल होता है और इसकी भी आज विभिन्न क्षेत्रों में बहुत बड़ी मांग है। हमारी सरकार की आवश्यकताओं के लिये, नियोजन समितियों की आवश्यकताओं के लिये, पब्लिक वर्क्स की आवश्यताओं के लिये, रीवर वैली प्रोजेक्ट्स की आवश्यकताओं के लिये और तरह तरह की मांगों के लिये आज कोल डस्ट की बड़ी आवश्यकता है। ईंटें तो तभी अधिक मात्रा में तैयार की जा सकती हैं जब अधिक मात्रा में कोल डस्ट हमारे यहां आये। पहले जितना कोल डस्ट हमको मिला करता था उसकी मात्रा में कुछ वृद्धि हुई है। हमने केंद्रीय सरकार से उसके मंत्री द्वारा, कोल कमिश्नर के द्वारा और विभिन्न आदमियों से मदद ले कर अपने प्रदेश में अधिक मात्रा में कोल डस्ट लाने का प्रयत्न किया है, लेकिन जितने कोल डस्ट की आज आवश्यकता है, उतनी मात्रा में नहीं आया क्योंकि देहात के क्षेत्रों में भी काफी मात्रा में भट्ठे खुल रहे हैं और देहात में भी ईंटों की मांग है उनके लिये भी हम प्रबन्ध कर रहे हैं कि काफ़ी मात्रा में कोल डस्ट आये, लेकिन पिछले तीन महीनों में हमारे प्रदेश में कोल डस्ट इतनी मात्रा में नहीं आया और उसका कारण यह था कि जिन स्थानों से वेगन्स ट्रान्सशिपमेंट के लिए हमें मिलते थे उसमें बहुत कमी आ गयी और कुम्भ के मेले के कारण बहुत सी गाड़ियां जो कि हमें इस कोल डस्ट के लाने के लिये मिल सकती थीं उनमें रुकावट डाल दी गयी और इसलिये वे आंकड़े जो इस पुस्तिका में जो आप को बांटी गयी है उसमें दिये हुये हैं उसमें कुछ कमी आप को दिखाई देगी। हमें आशा है कि फ़रवरी, मार्च, अप्रैल और आगे आने वाले महीनों में कोल डस्ट की यह कमी हमें देखने को नहीं मिलेगी क्योंकि हम अधिक वेगन्स पा सकेंगे और उनकी मदद से हम अधिक मात्रा में कोल डस्ट अपने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भेज सकेंगे।

मैंने अभी फ़ुएल और साफ्ट कोक का ज़िक्र किया। यह भी उतनी मात्रा में उन क्षेत्रों में पहुंचाया नहीं जा सका कि बैगेंस की दिक्कत की वजह से जोकि कुम्भ के मेले के कारण पैदा हुई।

मैंने सदन के सामने यह भी बताया कि अभी हमारे यहां हाउस कंट्रोल, रेंट कंट्रोल इत्यादि चल रहे हैं। इनकी कितनी बड़ी आवश्यता है वे आंकड़े जो कि इस पुस्तिका में दिये हुये हैं वे इस बात के द्योतक हैं कि मकानों की आज कितनी आवश्यकता है। किरायेदार किस परेशानी में और अस्त-व्यस्त अवस्था में रहते हैं और किस तरह से वर्षों तक इन्तजार करने के बाद भी उन्हें मकान नहीं मिल पा रहा है। हमारे यहां दुर्भाग्य से मकान अधिक संख्या में बन नहीं रहे हैं। शहरों में किन्हीं कारणों से मकान पहले जितने बना करते थे उतनी मात्रा में अब नहीं बन रहे हैं यद्यपि शहरों की जब संख्या बढ़ती जा रही है, एक तो रेफ्यूजी भाइयों की वजह से और कुछ और कारणों से जो हमारे बीच में उपस्थित हुई हैं लोग अधिक संख्या में अब शहरों में रहने लगे हैं। तो ऐसी अवस्था में मकानों की आवश्यकता है और यदि आज हाउस कंट्रोल या रेंट कंट्रोल हमारे बीच से हटा लिया जाय तो वे लोग जो आज किराये के मकानों में रह रहे हैं बहुत परेशानी में पड़ जायेंगे और उन्हें अधिक तकलीफों का सामना करना पड़ेगा। मुझे आज मालूम है कि रेंट कंट्रोल की व्यवस्था के रहते हुये भी बहुत से लोग मकानों के न मिलने के कारण तकलीफ से जीवन व्यतीत कर रहे हैं। मकानों के नियंत्रण के द्वारा दिये जाने की प्रणाली में कई प्रकार के दोष हैं। अक्सर इस बात की शिकायत आती है कि जो मकान खाली होते हैं वह सरकारी कर्मचारियों को मिल जाते हैं और गैर सरकारी आदमी जो वर्षों से मकान के इंतजार में रहते हैं और दौड़ धूप करते हैं उनको मिल नहीं पाते हैं। मैं जानता हूं कि यह शिकायत जो है और दुःख की बात है। लेकिन सरकारी कर्मचारियों के लिये भी बड़ी परेशानी की बात होती है। वह किसी दूसरे स्थान से लाये जाते हैं। अगर उनके रहने के लिये मकान का प्रबंध नहीं होगा तो वह अपनी जिम्मेदारी नहीं संभाल सकते हैं, अपना काम ठीक तरह से नहीं कर सकते हैं। इसलिये प्राथमिकता मकानों के एलाटमेंट में उनको दी गयी है। मौजूदा अवस्था में आप लोग भी मुझसे सहमत होंगे कि उन्हें मकान मिलने चाहिये यदि सरकार उससे काम लेना चाहती है और यदि उनको ठीक तरह से काम करने के योग्य बनाना चाहते हैं।

इससे मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि आज रेंट कंट्रोल की व्यवस्था चालू रखने की आवश्यकता है। इसी कारण से मैंने सदन को यह बतलाया कि आज जो यह लाखों की संख्या में अनुदान उपस्थित कर रहे हैं उसके पीछे एक ही भावना है कि नियंत्रण उन चीजों के ऊपर अवश्य रखा जाय जब तक उसकी आवश्यकता प्रतीत हो और जब उनकी आवश्यकता न रहे और उस मात्रा में चीजें मिलने लगें और वस्तुएं तथा पदार्थ उपलब्ध होने लगें जिसमें कि जरूरत है तो नियंत्रणों को नहीं रखना चाहिये।

प्लानिंग कमीशन ने पंचवर्षीय योजना जो बनायी है देश को उन्नति के मार्ग पर ले जाने के लिए। उसने कह दिया है कि यदि हम देश के अन्दर ठीक व्यवस्था पैदा करना चाहते हैं तो बहुत सी वस्तुओं के लिये फ्री मार्केट में रख कर इस व्यवस्था में परिवर्तन नहीं ला सकते हैं। इसलिये नियंत्रण थोड़े समय तक रखना पड़ेगा। खास तौर से उस समय तक जब चीजें उतनी मात्रा में पैदा होने लगें जितनी की आवश्यकता है।

इन्हीं कारणों से मैंने इन अनुदानों को जिनको कि मैंने आप की स्वीकृति के लिये उपस्थित किया है, आप के सामने प्रस्तुत करता हूं और आशा करता हूं कि इन तमाम दिक्कतों, खामियों और कमियों के रहते हुए, इन शिकायतों के रहते हुये जो भिन्न-भिन्न लोगों की हैं, उनमें तथ्य भी हैं। सदन इन अनुदानों के लिये अपनी स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करेगा।

श्री रामनारायण त्रिपाठी (जिला फैजाबाद)---माननीय उपाध्यक्ष महोदय, जैसा कि माननीय मंत्री जी ने खुद ही कहा कि अब यह दो डिपार्टमेंट्स कुछ ढीले से पड़ते जा रहे हैं।

श्री उपाध्यक्ष---आप पहले कट मोशन पेश कर दें।

***श्री रामनारायण त्रिपाठी**--- जी हां, मुझे दुख है। मैं प्रत्येक अनुदान में एक-एक रुपये की कटौती का प्रस्ताव पेश करता हूं इससे सदन के सदस्यों को दिलचस्पी बहुत कम है इसी लिये ज्यादा लोग इकट्ठा नहीं हैं। हमारी सरकार बराबर कहरही है और हमारे साथ मंत्री जी जो सोशलिस्ट होने का दावा करते हैं और बार-बार उन्होंने उस सदन में और सदन के बाहर भी घोषणा की है। सोशलिस्ट पार्टी भी कंट्रोल आफ इकोनोमी में विश्वास करती है। हम भी यह बतलाना चाहते हैं कि हमारी पार्टी कंट्रोल में विश्वास करती है और जैसा कि आम तौर पर लोग साधारणतया कंट्रोलों के बारे में कह जाया करते हैं, हम ऐसी बात नहीं कहते हैं। लेकिन जब हमारी सरकार प्लांड इकोनोमी की बात कहती है तो हमें ताज्जुब होता है। उस समय हम कहना चाहते हैं कि हमारी सरकार प्लांड इकोनोमी कह सकती है लेकिन पूंजीवादी सरकार में यह बात नहीं हो सकती है। आज प्लांड इकोनोमी, केपीटेलिस्ट इकोनोमी और मिक्स्ड इकोनोमी, इन तीन इकोनोमी की बात कही जाती है। वास्तव में कैपीटेलिस्ट इकोनोमी और मिक्स्ड इकोनोमी में कोई फर्क नहीं है और जब सोशलिस्ट पार्टी करती है तो ऐसे राज्य की कल्पना करती है जिस में मीन्स आफ डिस्ट्रीब्यूशन और मीन्स आफ प्रोडक्शन वगैरा सब पर कब्जा हो। लेकिन हमारी सरकार एक तरफ तो डिस्ट्रिब्यूशन का, राशनिंग का नाम लेती है मीन्स आफ प्रोडक्शन पर उसका कोई अधिकार नहीं है और इसलिये ऐनोमलीज पैदा होती हैं और इस विभाग का काफी क्रिटिसिज्म होता रहा है। मैं तो जानता हूं, हम लोगों को तो आशा नहीं है इस सरकार से कि कोई सही कदम उठाये जायंगे और सोशलिस्ट प्लांड इकोनामी इस प्रदेश में हो सकेगी।

---

*वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

[श्री रामनारायण त्रिपाठी]

एक तरफ आप देखते हैं कि हमारे प्रदेश में पंचवर्षीय योजना चल रही है और देश में चल रही है, लेकिन हमारी सरकार गलत चीजों से नतीजे निकाल लेती है और अपने को संतुष्ट कर लेती है। माननीय मुख्य मंत्री जी ने कहा कि प्रोडक्शन बढ़ा है कपड़े का और चीनी की खपत ज्यादा हो जाती है इसलिये स्टैंडर्ड आफ लिविंग ज्यादा है, लेकिन इस तरह के नतीजे निकालने से प्रदेश की जनता को एक तरफ से हम धोखे में डाल देते हैं। एक तरफ तो आप फाइव ईयर प्लान की बात करते हैं और दूसरी तरफ प्लानिंग की व्यवस्था हर वस्तु की नहीं कर पाते, यह एक अजीब सी व्यवस्था है।

आज हमारे प्रदेश में सरकार का यह दावा है कि कपड़े का प्रोडक्शन बढ़ गया, लेकिन उसके साथ-साथ सरकार इस चीज पर नजर नहीं डालती कि कपड़े की खपत इसलिए कम हो गयी कि परचेजिंग पावर लोगों की कम हो गयी है और उधर कपड़े की कीमतें बढ़ती जा रही हैं और कपड़ा मार्केट में भरा पड़ा है। जनता खरीद नहीं सकती, इसलिए कपड़ा ज्यादा दिखाई देता है और इसलिए यह कहना कि प्रोडक्शन बढ़ गया है, यह अजीब सी बात है। फिर यह भी समझने की चीज है कि यह फाइव ईयर प्लान है जो सन् १९५६ में पूरा होगी और अभी से कपड़े और चीनी का प्रोडक्शन बढ़ जाय और अपने लक्ष्य से घट जाय यह व्यवस्था को सुचारु-रूप से चलाने का द्योतक नहीं है। इसलिए नियंत्रण या प्लानिंग एक गलत तरीके से चलाया जा रहा है। जैसा कि माननीय खाद्य मंत्री ने एक दो वर्ष पहले यह स्वीकार किया था कि उनको यह ठीक-ठीक पता नहीं कि प्रदेश के लोगों को गल्ले की कितनी आवश्यकता है और कितना गल्ला पैदा होता है और किस तरह से आप प्लानिंग चला करके यह सुचारु रूप से कमी दूर की जा सकती है, लेकिन बाद में उन्होंने सभल कर कहा कि उस विभाग ने जन-संख्या से और ८ छटांक के राशनिंग से यह हिसाब लगा लिया, तो उपाध्यक्ष महोदय, यह असल में सही चीजों का परिचायक नहीं है। मैं यदि बहुत ही माडेस्टली कहूं तो इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रदेश में ५० लाख आदमी दोनों वक्त में से कम से कम एक वक्त बिना खाये रहते हैं और उनको भोजन नहीं मिलता और यह संख्या करोड़ों तक पहुंचती है। प्लान्ड इकोनामी में इसकी व्यवस्था होनी चाहिये, केवल सोशलिस्टिक नारे लगाने से, सामाजिक स्लोगन्स से प्रदेश की समस्या हल नहीं हो सकती। इस सम्बन्ध में मैं, उपाध्यक्ष महोदय, इन दोनों अनुदानों को मैंने देखा तो मुझे इस विभाग की चतुरता अवश्य नजर आई कि अनुदान संख्या ४० में लिखा हुआ है कि लेखा शीर्षक ८५-क में २ करोड़ रु० का संक्रमण होगा और अनुदान संख्या ४९ लेखा शीर्षक ८५-क राज्य व्यापार की योजना में ४३,१४,७०० रुपया दिया हुआ है। तो यह गलत आंकड़े इस खयाल से रखे गये कि सन् १९५२-५३ में जहां राज्य व्यपार में ३४ करोड़ की व्यवस्था हो रही थी और १९५३-५४ में १९ करोड़ का अनुमान था और वह केवल ८ करोड़ का ही बैठा, तो इस बजट में यदि ३९,९७,७०० रुपया दिखलायें तो वह शुभ सूचक होगा। लेकिन उसमें यह दो करोड़ की मद भी शामिल है और वास्तविक स्थिति यह है कि कुल २,३९,९७,७०० रुपया लगेगा। तो यह कैसा गलत इम्प्रेशन इस प्रदेश की जनता पर रखने की कोशिश की जा रही है।

गुड़ की योजनाओं में घाटा होने का संकेत इस में किया गया है। मैंने समझने की कोशिश की। मैंने मेमोरेंडम भी देखा, लेकिन स्पष्ट नहीं हुआ। बजट से भी पता नहीं चला। मैं नहीं समझता कि इसकी स्थिति क्या है और यह लगातार घाटा क्यों हो रहा है। ईंधन, रेलवे स्लीपर की बात और व्यापार की बात भी लिखी हुई है जिसमें मैं यह २ करोड़, ४३ लाख का खर्चा अनुपातत: ज्यादा मालूम होता है और सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिये और मुझे आशा है कि मुझे इसका समुचित उत्तर मिलेगा।

सरकारी कर्मचारियों के सम्बन्ध में उपाध्यक्ष महोदय, मालूम हुआ कि १०,००० से अधिक सरकारी कर्मचारी राशनिंग विभाग में थे। धीरे-धीरे जब हमारी सरकार एक तरफ तो प्रोग्रेसिव डिकंट्रोल की बात करने लगी लेकिन उनको फिर से दूसरे कामों में लगाने की कोई

सुचारु रूप से व्यवस्था नहीं हो पायी । मैं जानता हूं कि माननीय मन्त्री जी इसमें काफी प्रयत्नशील हैं और कभी कभी कैबिनेट लेवेल तक भी ऐसे झगड़े हुए हैं जिसमें कि उन्होंने राशनिंग विभाग के कर्मचारियों की तरफ से लड़ाई की है । लेकिन मुझे ताज्जुब है कि जब हमारे प्रदेश में १८ हजार लेखपाल भर्ती किये जा रहे थे और उसमें १५ हजार नये रखे गये तो उस समय क्यों नहीं जो हाई स्कूल और इंटरमीडिएट पास राशनिंग विभाग के कर्मचारी थे, उनको लिया गया । उसमें फ्रेश आदमियों को रखना और साथ साथ स्टाफ पर इतना रुपया फिर भी खर्च करना मैं समझता हूं कि कोई सुनियोजित चीज नहीं है । अब इधर ट्रांसपोर्ट विभाग में कुछ जगहें खाली हुई हैं और हमारी सरकार का ध्यान भी उसमें इनको खपाने की तरफ है । लेकिन मुझे ताज्जुब हुआ कि लेखपालों में उनकी भर्ती क्यों नहीं की गई और नये अप्वाइंटमेंट क्यों किये गये जब कि हजारों की तादाद में ऐसे लोग बेकार थे ।

आस्टरिटी और हिल प्राविजनिंग के लिए माननीय मन्त्री जी ने जो कहा और जैसा कि मुझे मालूम हुआ है कि यह स्कीमें धीरे-धीरे खत्म होने जा रही हैं । पर वास्तविकता कुछ और है । सरकार का दृष्टिकोण देखने का दूसरा ही है । अभी जब भुखमरी का सवाल पिछले साल सदन में आया था तो मुख्य मन्त्री तक ने यह व्यवस्था की कि अगर अन्न न मिले और उसके बाद बीमारियां फैलें तो आदमी भुखमरी से नहीं मरते हैं बल्कि बीमारी से मरते हैं । जैसा कि माननीय उपाध्याय जी ने पिछले अनुदान के समय बताया था कि अंडर नरिशमेंट की भी समस्या बहुत है और मैं तो समझता हूं कि आस्टरिटी प्राविजनिंग और हिल प्राविजनिंग का जहां तक सवाल है उसमें घाटा उठाकर भी काफी सहायता उन गरीब क्षेत्रों में पहुंचानी चाहिए जैसे कि मिर्जापुर का दुद्धी क्षेत्र है और हिली प्रदेश हैं जिनके बारे में उपाध्यक्ष महोदय आप स्वयं बहुत काफी जानते होंगे, जहां पर कि अन्न की समस्या कठिन है और पानी की भी कमी है । मैं समझता हूं कि वहां पर इस समय और भी सुनियोजित ढंग से अधिक से अधिक लोगों को सहायता पहुंचाने की जरूरत है ।

रिपोर्ट में इस बात का संकेत है कि मिलों के प्रोडक्शन पर कुछ धोतियों और साड़ियों पर प्रतिशत कम कर दिया जाय ताकि हैंडलूम इंडस्ट्री को कुछ शक्ति मिले । लेकिन यह भी गवर्नमेंट का एक हाफ हार्टेड मेजर है । राष्ट्रीयकरण की बात तो इस सरकार से करना फिजूल है क्योंकि उसके लिए तो भारतीय संविधान जो कि उसी का बनाया हुआ है, उसके रास्ते में झूठे रोड़े की शकल में खड़ा हो जाता है । लेकिन साथ ही साथ इतना तो अवश्य किया जा सकता है कि कुछ नम्बर के सूत जो हैं उन पर पाबन्दी लगा दी जाय, मिसाल के तौर पर यह व्यवस्था हो सकती है कि ३० नम्बर के नीचे का सूत हैंडलूम वाले बनायें और बाकी मिल वाले लेकिन इस प्रकार का सरकार कोई कदम नहीं उठाना चाहती है । प्रोडक्शन कम होता है । लेकिन यह देखा गया है कि उचित नियंत्रण न होने से यह होता है कि जाहिरा तो प्रोडक्शन कम दिखाई देता है लेकिन चोरी से प्रोडक्शन करके या सरकारी कर्मचारियों को घूस देकर वह सरकार की इस मंशा को पूरा नहीं होने देते हैं । इस तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए ।

सीमेंट के लिये मैं मानता हूं कि काफी प्रयत्न सरकार की ओर से किया गया है और दूसरे प्रदेशों से भी सीमेंट लाया गया है । इसमें मुझे कोई एतराज नहीं है लेकिन जो मेरा अनुभव है वह यह है कि आज जो राशनिंग स्टाफ जिलों में है, वहां काफी धांधलियां होती हैं । अगर किसी कस्बे में आज सीमेंट जाता है या लोग परमिट पर सीमेंट ले जाते हैं, उनकी छान बीन की जाय तो पता चलेगा कि कई नामों से या गलत नामों से परमिट लेकर कुछ लोग काफी मुनाफा-खोरी करते हैं और दूसरों को बेचते हैं । इस तरफ भी सरकार का ध्यान जाना चाहिए ।

[श्री रामनारायण त्रिपाठी]

समुद्री नमक और दूसरे खारागोरा नमक की समस्या के बारे में माननीय मन्त्री जी ने कहा है कि ये बारी-बारी से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भेजे जायंगे । मैं समझता हूं कि यह कोई नया सुझाव नहीं है । यह ठीक है कि दोनों तरह के नमक एक साथ नहीं जाने चाहिए, टर्न बाई टर्न भेजे जायं तो इसके बारे में जो शिकायत है वह काफी दूर हो सकती है । गोदामों के बारे में उपाध्यक्ष महोदय, काफी कहा गया है । मैं समझता हूं कि जितने भी हमारे राशन के गोडाउंस हैं जहां गल्ला रखा गया है वहां काफी सख्त आडिटिंग की जरूरत है । अभी मुझे मालूम हुआ है कि काफी शोर मचाने के बाद वहां आडिट हुआ और १४ हजार रुपये का गबन निकला । उसके बाद सरकार मुकदमा चलाने में ढिलाई कर रही है । आवश्यकता इस बात की है कि इन हिसाबों का अधिक से अधिक आडिट होना चाहिए । यह बड़ी आवश्यकता है ।

अन्त में एक बात और कहनी है । यहां पर कोआपरेटिव सोसाइटीज को कुछ राज्य सहायता की बात कही गयी है । सन् १९५२-५३ में उनको २२ हजार १०१ रु० की सहायता दी गयी और १९५३-५४ में १ लाख २६ हजार की रकम दी गयी थी लेकिन १९५४-५५ में वह बिलकुल जीरो है । कोआपरेटिव सोसाइटीज की आवश्यकता यह सरकार और हम सब मानते हैं लेकिन फिर भी उनकी रकम इस वर्ष जीरो क्यों कर दी गयी ? मैं समझता हूं कि यह अनुचित बात है । और तरह से बचत करके प्रदेश की कोआपरेटीव सोसाइटीज को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सहायता देनी चाहिए ।

श्री श्रीचन्द (जिला मुजफ्फरनगर)---श्रीमान् उपाध्यक्ष महोदय, मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि माननीय मंत्री जी ने अपने इस प्रदेश को भुखमरी से बचा लिया । बंगाल में जब कि इस प्रदेश में पांच सेर का गेहूं बिकता था, लाखों आदमी भूख से मर गये । परन्तु हमारे प्रदेश में जब कि फी रुपया एक सेर गेहूं बिका उस समय भी आपने किसी को भूखों मरते हुए नहीं देखा था । उस समय कंट्रोल का होना अत्यन्त आवश्यक था । यदि कंट्रोल न होता तो उस समय हमारे प्रदेश की क्या स्थिति होती ? अतः मैं प्रसन्न चित्त से माननीय मंत्री जी को बधाई देता हूं और उनके कार्य की अत्यन्त सराहना करता हूं जिस गति से वह कार्य कर रहे हैं । मैं अपने माननीय सदस्य रामनारायण त्रिपाठी जी के सम्बन्ध में कुछ कह देना चाहता हूं । इतनी तीव्र गति से हमें कार्य नहीं करना है जिससे हमारे देश की हानि हो जाय । अब भी माननीय मंत्री महोदय ने जिस प्रकार से बतलाया है, कुछ कंट्रोल की आवश्यकता है । मैंने बड़े ध्यान से सुना है कि यह होना चाहिए । यदि इस समय भी कंट्रोलों को तोड़ दिया जाय तो हमारे देश की बड़ी हानि हो सकती है । और हमको इसी प्रकार से जिस प्रकार से अबतक अपने देश को बचाया है, बचाना है और उस मंजिल तक पहुंचना है कि इस प्रदेश की सराहना सब स्थानों भर में हो और हमारे मंत्री जी से शिक्षा दूसरे राज्य प्राप्त कर सकें कि ऐसा अच्छा प्रबन्ध रहा ।

अब मैं कुछ सुझाव देता हूं । पहले नमक का मसला है । मैं इस बात पर सहमत नहीं हूं कि नमक बारी-बारी से एक स्थान में भेजा जाय । इसमें दोष यह हो सकता है कि घटिया किस्म का नमक बढ़िया किस्म के नमक में मिला कर बेचा जा सकता है । इसलिए मेरा सुझाव यह है कि दोनों प्रकार के नमक सांभर और समुद्री जिनकी बनावट और रंग एकसा भी नहीं होता है प्रदेश के हर हिस्से में उसी अनुपात से भेजा जाय और इस पर कड़ाई के साथ नियन्त्रण रखा जाय । हमारे यहां मिलावट विरोधी एक कानून भी है । उसके अन्तर्गत मिलावट करने वालों को सजा दी जाय ।

दूसरे सीमेंट के बारे में मैं प्रार्थना करना चाहता हूं कि आर्थिक दशा के सम्बन्ध में पश्चिमी जिलों को मंत्री जी ने कुछ अधिक धनवान और पूर्वी जिलों को गरीब बताया है । मैं इससे पूर्णतया सहमत नहीं हूं । परन्तु मैं अपने मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि पश्चिमी

जिलों में गरीब जनता भी है और पूर्वी जिलों में धनी मनुष्य भी रहते हैं । यदि पश्चिमी प्रदेश में कोई गरीब है तो ईंट सीमेंट को वह कैसे खरीदेगा । इसलिए पश्चिमी जिलों में एक-तिहाई कम कीमत का सीमेंट भेजा जाय और बढ़िया प्रकार का अधिक दामों का सीमेंट दो-तिहाई भेज दिया जाय, परन्तु ऐसा न होना चाहिये कि सब सीमेंट अधिक दामों वाला पच्छिम ही में भेज दिया जाय । इसी प्रकार पूर्वी जिलों में जो घटिया किस्म का सीमेंट है वह दूना भेजा जाय और जो कीमत में अधिक है वह एक-तिहाई भेजा जाय । इस प्रकार जैसा भी मनुष्य होगा वह वैसा ही सीमेंट खरीदने में सफल हो सकेगा और आवश्यकतानुसार उनका कार्य चल जायगा ।

इसके पश्चात लोहे के सम्बन्ध में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि कुछ लोहे फौलाद इत्यादि को छोड़ कर दूकानों पर जो लोहा बिकता है उसमें और कंट्रोल दाम में कोई अंतर नहीं है इसलिये सरकार यह कंट्रोल शीघ्र से शीघ्र खत्म कर दे । अन्न गोदामों के सम्बन्ध में मैं यह कह देना चाहता हूं कि उनमें व्यर्थ में रुपया व्यय हो रहा है और उनका तीन करोड़ से अधिक किराया देना पड़ता है । फिर नियंत्रण भी कुछ नहीं होता है, देखने में यह आता है कि अधिक गेहूं बाहर बरसात में पड़ा-पड़ा सड़ जाता है, घुन जाता है । अतः उस ओर देखभाल करने की जरूरत है ।

मकानों के सम्बन्ध में आदरणीय मंत्री जी ने जो फरमाया उससे मुझे बड़ी प्रसन्नता है। मैं इस सम्बन्ध में एक सुझाव पेश करना चाहता हूं कि मकानों के बारे में विधेयक लाया जाय कि जो जिस मकान में बीस साल से रह रहा है उसको ही वह मकान दे दिया जाय क्योंकि इस प्रकार का बिल पास करने में मकान मालिकों को तो कुछ हानि न होगी क्योंकि उन्होंने जो मकान किराये पर दे रक्खे हैं वे उनके पास फालतू हैं और उनके पास रहने की बड़ी-बड़ी कोठियां हैं। इसलिये मैं इस सम्बन्ध में आपसे प्रार्थना करूंगा कि शीघ्र से शीघ्र यह बिल लाया जाय और कीमत का तखमीना भी बड़ी सरलता से इंजीनियरों से कराया जा सकता है । बीस साल में जो रुपया किराये के रूप में दे दिया गया है उससे कीमत पूरी हो जायगी, लेकिन अगर किसी केस में कम किराया गया हो तो कुछ सालों के लिये किस्त कर दी जाय और वह किराये के रूप में चुकता कर दिया जाय । इसके बाद मैं श्रीमन् एक बात और आपके द्वारा माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं । रेलवे स्टेशन पर पुलिस का अत्याचार बढ़ रहा है, यदि किसी लड़की को उसका बाप कुछ चावल देता है तो पुलिस वाले बड़ा तंग करते हैं । मैंने सहारनपुर स्टेशन पर देखा कि एक औरत थी और उसका शौहर उसके साथ था । पुलिस वाले उसे पकड़े हुए थे । मैंने पुलिस वालों से कहा कि ऐसा क्यों कर रहे हो तो पता चला कि उसके पास चार सेर चावल थे । मैंने सिपाही से कहा कि ऐसा क्यों कर रहे हो पुलिस वाले ने मुझ से पूछा कि आप कौन हैं । मैंने कहा कि मैं आपका भी सेवक हूं तब उसने मेरी प्रार्थना कुछ स्वीकार की और उनको छोड़ दिया । इसी तरह से एस० एस० लाइट रेलवे पर जो सहारनपुर से दिल्ली शहादरा तक जाती है, श्यामली, नोनी बड़ोत के स्टेशनों पर पुलिस तंग करती है । वहां पर मुसाफिरों को लूटा जाता है । इसलिये मैं मंत्री महोदय से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि इस दुर्व्यवस्था को शीघ्र से शीघ्र समाप्त करने की कोशिश की जाय ।

एक निवेदन मैं और कर दूं और वह यह है कि जिस प्रकार से अन्य माननीय सदस्यों का यह विचार है कि पश्चिमी जिले अत्यन्त धनी हैं और पूर्वी जिले बहुत गरीब हैं मैं उनको बतला देना चाहता हूं कि हम अपने प्यारे भाइयों की सेवा करना चाहते हैं, हमारा तन, मन और धन सब कुछ पूर्वी जिलों के लिये है परन्तु कुछ उनका भी ध्यान रक्खा जाय, यही मेरी मंत्री महोदय से प्रार्थना है । जय हिन्द !

*श्री भूपाल सिंह खाती (जिला अल्मोड़ा)---उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी को हार्दिक बधाई देता हूं क्योंकि मानव समाज में सब से उच्चतम स्थिति तब होती है जब किसी नियन्त्रण की आवश्यकता नहीं होती है । आज उनका विभाग जो धीरे-धीरे इसको हटा रहा है वह इस बात का द्योतक है कि किस कामयाबी और सफलता से उन्होंने इस राज्य की सेवा की है । मैं खासकर माननीय मुख्य मंत्री को और माननीय अन्न मंत्री को पहाड़ी प्रदेश के लिये इन तमाम कष्टमय वर्षों में जो विशेष दया उन्होंने रखी है उसके लिये उनको बधाई देता हूं । जैसा कि अभी अन्न मंत्री महोदय ने बताया कि अभी पहाड़ी प्रदेशों में और कुछ पूर्वी जिलों में अन्न की कमी है । इस सम्बन्ध में उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा उनसे यह प्रार्थना करूंगा कि यह सस्ते अन्न देने की व्यवस्था या टैस्ट वर्क खोलने की व्यवस्था और जो दूसरी व्यवस्थायें हैं आज वहां की भूखी जनता को अन्न देने के लिये उनकी उदर पूर्ति के लिये जरूरी है और हम उनकी सराहना करते हैं लेकिन साथ ही साथ हम यह भी समझते हैं कि यह एक मनोवृत्ति में कमजोरी पैदा करता है और इससे मांगने की आदत बढ़ती है । मेरे कहने का मतलब यह है कि जहां आज पूर्वी जिलों में कृषि विकास की योजनायें चालू हैं, वहां पर ट्यूबवैल बन रहे हैं, वहां पर नहरों की योजनायें हैं और वहां चीनी के कारखाने भी हैं । मैं आपके द्वारा माननीय मंत्री जी से यह कह देना उचित समझता हूं कि केवल वहां पर पहाड़ी जनता के लिये केवल एक इस प्रकार की मनोवृत्ति पैदा करने की आवश्यकता नहीं है बल्कि सरकार को ऐसी योजना भी शुरू करनी चाहिये जिससे वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें और यह मांगने की आदत खत्म हो। बहुत वर्षों से पहाड़ी जनता की ओर से इस बात की मांग की गयी है कि वह सस्ता अन्न नहीं लेना चाहते हैं बल्कि उनको भूमि दी जाय, वह मेहनत करना चाहते हैं और प्रयत्न करना चाहते हैं और अपनी मेहनत से अन्न पैदा करना चाहते हैं लेकिन मुझे दुख है कि अभी तक सरकार का ध्यान इस ओर नहीं गया । आज तराई और भाबर इस्टेट का जो सुपरिंटेंडेंट है उनके यहां कई वर्षों से हजारों अर्जी पड़ी हुई हैं कि भूमिहीन लोगों को भूमि दी जाय लेकिन मुझे दुख है कि बाहर के लोगों को दी जाती है, वहां पर शरणार्थी बसाये गये, बंगाली बसाये गये और दूर-दूर से लाकर बसाये जाते हैं लेकिन पहाड़ों पर उन लोगों को जो वहां पर हजारों वर्षों से रहते आये हैं और जिन्होंने उस मलेरिया का सामना किया है उनको कुछ भूमि नहीं दी जाती है । मेरा ख्याल यह है कि कुमायूं के पहाड़ी लोग वहां पर कम से कम ५ हजार वर्ष से उस तराई और भाबर में बसते आये हैं और उन लोगों ने वहां पर बहुत कुरबानी की है लेकिन उनके लिये कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। मैं आपके द्वारा माननीय अन्न मंत्री जी से यह प्रार्थना करूंगा कि अगर यह हो जाय तो इस वर्तमान बजट से भी कम से कम पहाड़ी जिलों का प्रश्न हल हो सकता है और अगर वहां पर भूमिहीन लोगों को भूमि दी जाय और वह जमीन जो इस समय तराई भाबर में बेकार पड़ी हुई है वह उनको प्राप्त हो जाय तो मैं समझता हूं कि सरकार ने एक बहुत बड़ी मेहरबानी की । उन्होंने यह कहा कि हम ८ हजार एकड़ भूमि वहां लोगों को दे रहे हैं वह बाकी ब्लाक कहे जाते हैं । बाकी ब्लाक में भूमि हीन लोगों को भूमि देने की बात थी लेकिन सुना जाता है कि किसी को वह भूमि नहीं दी जायगी । वहां पर ३ हजार पेड़ काटे गये लेकिन जब भूमि वह किसी को नहीं दी गयी तो वह उतने ही बड़े हो गये। तो मैं सरकार से यह भी कहना चाहता हूं कि एक दफा वहां पर इतना खर्चा किया गया जिसमें लाखों रुपया खर्च किया गया और फिर उस ३, ४ हजार एकड़ जमीन को बंजर में छोड़ दिया गया तो फिर उतना ही खर्चा आपको करना पड़ेगा तब वह जंगल साफ होगा । इसलिये अगर सरकार का ख्याल यह है कि भूमिहीन लोगों को भूमि दी जाय तो उसको दे देना चाहिये, नहीं तो फिर उतना ही उस भूमि को साफ करने में खर्च करना पड़ेगा। यह चीज केवल मैं इसलिये कह रहा हूं कि वहां पर अन्न की कमी का प्रश्न है । यह बड़ा भारी प्रश्न है । एक तरफ तो अन्न की कमी है । बहुत दिनों तक आप सस्ता अन्न नहीं दे सकेंगे ।

श्री जगन्नाथ मल्ल (जिला देवरिया)---आन ए प्वाइंट आफ आर्डर । माननीय सदस्य एग्रीकल्चर पर बोल रहे हैं या प्रस्तुत अनुदान पर ?

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

श्री भूपाल सिंह खाती—मैं अनुदान पर ही बोल रहा था, पता नहीं, कैसे माननीय सदस्य ने यह समझा । हमें सीमेंट और लोहे की परमिट कभी-कभी कानपुर और दूसरी दूर दूर जगहों के दे दिये जाते हैं जिसके कारण कभी कभी तो लोग उन्हें इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं । पहाड़ के लोगों के लिये हल्द्वानी, टनकपुर, रामनगर या कोटद्वार के परमिट दिये जावें, तो वे पूरा फायदा उठा सकते हैं । कभी रुपये की कमी पड़ जाती है तो इन जगहों में उसका प्रबन्ध हो सकता है । हमारे यहां खासकर छत के लिये कारूगेटेड शीट्स की बहुत ज्यादा जरूरत है। जो कोटा पहाड़ी जिलों को दिया गया है वह बहुत कम है । आज बहुत से स्कूलों और इमारतों की छतें शीट्स न होने के कारण बगैर छाई पड़ी हैं । मैं माननीय मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि पहाड़ी जिलों का कोटा बढ़ाया जाय । इससे वहाँ की जनता को काफी लाभ पहुंचेगा ।

मैं अन्त में एक बार फिर उनको इस विभाग को सफलतापूर्वक चलाने के लिये हार्दिक बधाई देता हूं ।

श्री व्रजविहारी मिश्र (जिला आजमगढ़)—माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपना कर्त्तव्य समझता हूं कि माननीय मंत्री जी को बराबर बधाई दूं । अभी जन-स्वास्थ्य और चिकित्सा के अनुदानों में माननीय मंत्री जी की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी है यद्यपि मुझे उन पर बोलने का अवसर नहीं मिला । लेकिन आपका मैं कृतज्ञ हूं कि जो आपने इन अनुदानों पर मुझे अवसर दे दिया । हमारा जिला गरीब तो है ही । यह पूरब और पश्चिम का प्रश्न नहीं है जैसा कुछ माननीय सदस्य कहते हैं प्रश्न है गरीबों और धनियों का । हम तो कहते हैं कि सारा सूबा ही गरीब है । लेकिन कम्पैरेटिव दृष्टिकोण से देखा जाय तो यह पता चलता है कि बुन्देलखंड, पहाड़ और पूरब के लोग अधिक गरीब हैं । ईश्वर का भी कुछ कोप पूर्वी जिलों पर रहता है । हमारे यहां यह फसल बड़ी अच्छी थी लेकिन दुर्भाग्य से पानी बरस गया और पछुवा हवा चल गयी । हमारी रबी की फसल इन कारणों से इस साल भी खराब हो गयी तो कमी का प्रश्न हमारे यहाँ पूर्वी जिलों में रहेगा ही । दूसरी समस्या जो हमारे सामने है वह सीमेंट, लोहा और ईंटों वगैरह के कन्ट्रोल की है । जहाँ हम यह कहते हैं कि माननीय मंत्री जी ने कन्ट्रोल लगाकर प्रांत की जनता को मरने से बचा लिया वहाँ अब यह भी कहते हैं कि अब इस कन्ट्रोल की आवश्यकता नहीं है । कन्ट्रोल के खत्म होते ही नतीजा क्या हुआ ? जो गेहूं दो सेर दो छटाँक का मिलता था वह अब ढाई सेर का मिल रहा है । लखनऊ में भी मिल जाता है । कोयले की समस्या हमारे जिले में बहुत ही गम्भीर है । कभी तो वैगन नहीं मिलते और कभी सप्लाई नहीं हो पाती । कोयला वहाँ पहुंच नहीं पाता इस कारण से ईंटों के भट्ठे भी वहाँ बहुत कम लग पाते हैं, लोगों की जो मांगें हैं पूरी नहीं हो पातीं । हमारे माननीय मुख्य मंत्री जी ने एक हजार कुयें स्वीकृत किये थे लेकिन बड़ी मुश्किल से २०० कुओं के लिये ही कोयला मिल पाया है । अधिकारियों का कहना है कि कोयला नहीं है । हमारे लिये यह समस्या बहुत ही भीषण रूप धारण कर रही है । नमक के लिये जो सुझाव श्री चन्द्र जी ने दिया है वह ठीक है उसे रक्खा जाय । दो प्रकार का नमक होता है वह दोनों प्रकार का नमक रोटेशन से लोगों को दिया जाय । ऐसा नहीं होना चाहिये कि एक जगह अच्छा ही अच्छा नमक पहुंचे और दूसरी जगह खराब ही खराब ।

इस अवसर से लाभ उठाते हुए मैं यह भी कहूंगा कि हमारे यहाँ अस्पतालों की हालत बहुत ही खराब है । माननीय मंत्री जी ने उनके लिये कोई अनुदान नहीं रक्खा है, मैं उनसे प्रार्थना करूंगा कि उसके लिये भी कुछ अनुदान वे देने की कृपा करें । इसमें आजमगढ़ के लिये कुछ भी नहीं रक्खा गया है । मैं आशा करूंगा कि माननीय मंत्री जी इस पर ध्यान देंगे । इन शब्दों के साथ मैं माननीय मंत्री जी को पुनः धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूं कि जो जिले गरीब हैं माननीय मंत्री जी उनकी ओर भी ध्यान देंगे तथा उनपर भी कृपा रखेंगे ।

श्री अवधेश प्रताप सिंह (जिला फैजाबाद)—माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय अन्न मंत्री जी के सुन्दर और तर्कहीन भाषण को भलीभांति सुनता रहा। आज जिन तर्कों से माननीय मंत्री जी सीमेंट, लोहा, सोफ्ट कोक और नमक पर कंट्रोल कायम रखना चाहते हैं अगर उसी क्राइटेरिया को खाद्यान्न पर भी लागू किया जाय तो वे कह सकते हैं कि उस पर से भी कंट्रोल न हटाया जाय। एक तरफ तो माननीय मंत्री जी यह कहते हैं कि सीमेंट हम पूर्वी जिलों को कम कीमत पर इसलिये देते हैं कि वह गरीब हैं और पश्चिमी जिलों में इसलिये भेजते हैं कि उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी है। जो अल्टरनेटिव तरीका नमक के लिये बताया गया है वही सीमेंट के लिये भी कर दिया जाय तो ज्यादा अच्छा होगा। या जिस आधार पर सीमेंट पूर्वी जिलों में जाती है वैसे ही नमक भी भेजा जाय।

श्रीमन्, मैंने उनको यह भी कहते हुए सुना कि लोग शहरों में मकान नहीं बनवाते, इसकी उनको कुछ शिकायत है। एक तो इन चीजों की वजह से भी मकान बनवाने में कठिनाई हो रही है दूसरे जो चीजें हैं जिससे लोग मकान बनवाने से भागते हैं वह यह है कि माननीय मंत्री जी की तरफ के ही लोग कुछ ऐसे हैं जो कहते हैं कि जिस मकान में जो रहते हैं वह उन्हीं को दे दिया जाय और उनका किराया कम कर दिया जाय। फिर ऐसे लोग भी जिनके पास कुछ साधन भी हैं और शहरों में मकान बनवा सकते हैं, कैसे माननीय मंत्री जी का यकीन कर सकते हैं। जबकि आपकी सरकार व्यक्तिगत सम्पत्ति की पवित्रता को नष्ट भ्रष्ट करने के लिये सदैव तैयार रहती है और जिसको प्रोत्साहन भी स्पष्ट मिलता है तो क्या आप कभी यकीन कर सकते हैं कि शहरों में कोई मकान बनवा सकता है? और श्रीमन् मैं यह नहीं समझता हूं जो माननीय श्री चन्द जी ने यह फरमाया, मैं उनका ध्यान इस ओर आकर्षित करता हूं कि इस भवन में आयन्दा कोई विधेयक ऐसा नहीं आ सकता जिससे किसी के मकान पर आक्रमण किया जा सके और अगर आपकी नीति यही रही तो इसमें बदनीयती आपकी जाहिर होती है और आपके कराये धराये कुछ नहीं होने वाला है। क्योंकि जब तक हमारे संविधान में संशोधन नहीं होता ऐसी नियत रखना प्रशोभनीय है। यह भी कहा गया है कि सरकारी कर्मचारियों को प्राथमिकता देनी चाहिये। इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं है परन्तु मैं आपके जरिये उनका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि बहुत से लोग ऐसे हैं जो कभी सरकारी कर्मचारी थे और अब रिटायरमेंट के बाद जब वे अपने घरों में जाना चाहते हैं जिनको कि उन्होंने अपनी सर्विस के समय में बनाया तो वे तो खुद अपने किसी रिश्तेदार के यहाँ पड़े रहते हैं और दूसरे लोग उनके घरों में विराजमान हैं। मैं आपको इलाहाबाद जिले का एक किस्सा बतलाता हूं। एक डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर साहब मुलाजिम थे उन्होंने रुपया लगा कर अपना मकान बनवाया वे बेचारे तो अपने चाचा के मकान में रहते हैं और उनके मकान पर एक डि०प्रो० साहब कब्जा जमाये हुए हैं। तो श्रीमन् उन्हीं कर्मचारियों को जो अभी आपके साथ थे जो उस मकान का मालिक है उसके लिये भी आपको कोई कार्यवाही करनी चाहिये या नहीं कि उसने अपने जीवन में जो मकान बनाया और जो उसकी अपनी सम्पत्ति है, जिसके ऊपर उसका पूर्ण दावा है, वह उसका अधिकारी है और वह उससे पूर्णतया लाभ उठा सके, इससे वंचित रखना यह कहाँ तक संगत है?

श्री ब्रजभूषण मिश्र (जिला मिर्जापुर)—उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस अनुदान को उपस्थित करने के लिये माननीय खाद्य मंत्री जी को धन्यवाद देने के लिये उपस्थित हुआ हूं। मैं अपना यह कर्त्तव्य समझता हूं कि अबकी खाद्य मंत्री जी का विशेष ऋण मिर्जापुर पर उसे भूख से मरने से बचाने का है उसको यहाँ प्रकाशित करते हुये इसके लिये मैं उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करूं। मुझे वह दिन याद आता है जब हमारे सूबे में कफन के लिये हाय हाय मची थी और मुर्दे ढकने के लिये कफन तक भी नहीं मिलते थे, मुझे वह दिन याद आता है जब पांच-पांच सेर चीनी के लिये बड़े-बड़े पैसे वाले भी दर दर की ठोकरें खाते फिरते थे और चीनी नहीं मिलती थी। उन अवस्थाओं को पार करके खाद्य मंत्री के मजबूत हाथों द्वारा धीरे-धीरे हमारी अभाव की नैया इतनी दूर निकल आयी और वे उसे पार निकाल

लाये। अब आज हम ऐसा दिन देखते हैं कि जब हमारे पास सारी चीजें सरप्लस दिखलायी देती हैं। यह अवस्था जो ५ साल पहले व्याप्त थी वह पार हो गयी। और यह उनकी विशेष योग्यता, विशेष क्षमता और विशेष सराहना की बात है। इन पाँच वर्षों में जो काम हुआ है इससे हमारे देश की जो काया पलट हुयी है वह हमारी आँखों को खोलने वाली है और जो समालोचना करने वाले लोग हैं उनके लिये तो वह बिलकुल प्रत्यक्ष दृष्टांत है। इसलिये मैं बार-बार इस अवस्था का परिज्ञान कराते हुए पिछली बातों की याद दिलाते हुए खाद्य मंत्री को धन्यवाद देता हूं।

अब मैं एक विषय पर खास तौर से आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। यद्यपि ऐसा सोचा जा सकता है और है भी कि वह खास तौर से हमारे हाथ की चीज नहीं है लेकिन फिर भी चूंकि इसका सम्बन्ध हमारे नित्य के जीवन से है इसलिये इसका जिक्र करना आवश्यक प्रतीत होता है। मैं सदन का ध्यान श्री उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा खाद्य मंत्री जी का ध्यान एक विषय की ओर दिलाना चाहता हूं वह है डालडा या बनस्पति घी। डालडा ऐसी चीज है जिससे हमारे स्वास्थ्य की बड़ी भारी हानि हो रही है। यह एक ऐसी चीज है जो हमारे दैनिक जीवन से सम्बन्ध रखती है। जो गरीब हैं वे तो गरीबी से मर रहे हैं लेकिन जो पैसे वाले हैं वे भी डालडा खा खाकर अपने स्वास्थ्य को गिराते जा रहे हैं। इस प्रकार दोनों ओर हम अपनी तन्दुरुस्ती को बर्बाद कर रहे हैं। इसलिये मैं केवल सुझाव के तौर पर कहना चाहता हूं यद्यपि इधर से आवाजें आ रही हैं कि यह विषय इस समय नहीं है, लेकिन मैं इसलिये यहाँ पर आवाज उठाना चाहता हूं और चाहता हूं कि सदन की आवाज उठे और हमारे खाद्य मंत्री जी का इस ओर विशेष रूप से ध्यान हो क्योंकि यह ऐसा जहर है जो हमारे स्वास्थ्य को दिन बदिन गिराता जा रहा है। चाहे वह हजारों अस्पताल खोले चाहे कितनी ही दवाइयाँ बाँटें लेकिन दूसरी तरफ अगर बनस्पति घी खिला खिलाकर प्वायजनिंग करते रहेंगे तो हमारा साधारण स्वास्थ्य गिरता ही जायगा, चाहे कितना ही उत्तम से उत्तम उपाय आप करते रहे। वह सब खत्म हो जायगा और हमारी और सभी क्षेत्रों पर उसका बुरा असर पड़ेगा। इसलिये मैं उनसे प्रार्थना करूंगा कि इस ओर विशेष ध्यान दिया जाय और इस दूषित खाद्य को जैसे भी हो रोकने का प्रबंध किया जाय।

मैं अब लोहे के विषय में कुछ निवेदन करूंगा। अब भी फेब्रीकेटर्स को जो लाइसेंस की प्रथा है उसमें कड़ाई है। वह अब उदारता के साथ दिया जाय क्योंकि जो कच्चा लोहा है उसका जो दूसरे लोग सामान बनाते हैं वे बहुत ऊंचा दाम लेते हैं और वह महंगे दामों पर मिलने लगते हैं। इसलिये ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये कि लोहा या लोहे का सामान अधिक महंगा न पड़ने पावे और लायसेंस देने में उदारता का बर्ताव हो।

मैं अन्त में फिर एक बार खाद्य मंत्री महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूं। मुझे दो बातें कहनी थीं उनको कहकर मैं अब अवकाश चाहता हूं।

*श्री शिवनाथ काटजू—उपाध्यक्ष महोदय, मैं इन दोनों अनुदानों का समर्थन करता हूं। माननीय श्रीचन्द जी ने बहुत ही सीधी सी बात कही लेकिन मेरे मित्र माननीय राजा साहब उत्तेजित हो गये। बहुत सीधी सी बात थी कि जो २० वर्ष तक किसी मकान में रहता है वह मकान उसी का हो जाय। मैं इससे सहमत हूं लेकिन इसमें एक संशोधन कर दिया जाय कि बजाय २० के तीन वर्ष कर दिया जाय तो कम से कम हम लोग दारुलशफा में रहते हैं उसमें ही हिस्सा मिलने की उम्मीद होजाय क्योंकि आजकल क्रांति का युग है और कानून और न्याय पूर्वक तो छोड़िये कि कंट्रेक्ट की सैक्टिटी बिलकुल बेकार सी चीज है, माननीय श्रीचन्द जी ने जो सुझाव रखा है वह बिलकुल गौरतलब है लेकिन मैं सिर्फ यह निवेदन करूंगा कि बीस वर्ष में कौन आवे कौन न आवे इसको तीन वर्ष कर दिया जाय तो ज्यादा फायदा होगा।

*वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

[श्री शिवनाथ काटजू]

माननीय मंत्री जी ने हमारे सामने जो नक्शा रखा वह बहुत ही संतोषजनक है। कंट्रोल अच्छा था या बुरा था यह तो एक सिद्धांत का विषय है लेकिन आज स्थिति यह है कि बहुत सी चीजों पर से कंट्रोल उठ गया है और जैसा कि माननीय मंत्री जी ने हमको बताया खाद्य पदार्थ अब कंट्रोल के बाहर हो गये हैं और सरकार केवल इतना इंतजाम रख रही है कि कभी अगर आइंदा कहीं कोई जरूरत पड़े तो उस वक्त यह मौका न हो कि सरकारी मशीनरी उसको सम्हालने के लिये मौजूद न हो लेकिन मैं यह निवेदन करूंगा कि सरकारी गोदामों में जो गल्ला रखा हुआ है उसकी मुनासिब देखभाल की जाय क्योंकि अक्सर यह शिकायत रही है कि वहां गल्ला रखे-रखे खराब होता जाता है और जब बाद में उसका वितरण होता है तो अच्छा और खराब गल्ला दोनों ही बाजार में आजाता है। इसके लिये यह बहुत ही जरूरी है कि सरकारी गोदामों घरों में गल्ले की देखभाल बहुत ही मुनासिब तरीके से की जाय। मेरे मित्र त्रिपाठी जी ने एक राजनीतिक भाषण किया। जब सरकार कंट्रोल करती है तो वह कंट्रोल के खिलाफ होते हैं जब सरकार डिकंट्रोल करती है तो उनको कंट्रोल अच्छा लगने लगता है। उन्होंने यह आक्षेप किया कि सरकार वितरण तो कर रही है लेकिन प्लान्ड एकोनामी नहीं है और प्लांड एकोनामी से उनका मतलब यह था कि सरकार मीन्स आफ प्रोडक्शन की तरफ भी ध्यान दे और उन्हें अपने हाथ में रखे। अगर उनका तात्पर्य यह है कि आज जितनी काश्तकारी है वह सब सरकार अपने हाथ में ले ले तो मैं उनसे कहूंगा कि एक तरफ तो आप प्रांत भर में कह रहे हैं कि सबको तीन तीन एकड़ या चार चार एकड़ जमीन और तीन-तीन बैल देंगे तो फिर यह प्लान्ड एकोनामी में कैसे आता है। जब वह मीन्स आफ प्रोडक्शन को कंट्रोल करना चाहते हैं तो फिर वह देहातवासियों के सामने ऐसा चित्र क्यों रख रहे हैं। यह प्लान्ड एकोनामी में किस तरह से आता है।

उन्होंने सोशलिज्म के ऊपर बहुत सी बातें कहीं। उन पर मैं इस वक्त नहीं जाऊंगा लेकिन मेरा निवेदन है कि जहां सरकार पूर्वी जिलों का ध्यान रखती है क्योंकि पूर्वी जिले वालों की संख्या काफी है और वह यहां पर अपनी बातें रखते हैं, पश्चिमी जिले वाले ज्यादा सम्पन्न हैं लेकिन जो बीच वाले जिले हैं वह बेचारे बीच में पिस जाते हैं। इसलिये मैं निवेदन करूंगा कि जैसे प्रयाग है या और जिले हैं वहां सीमेंट, साल्ट इत्यादि भेजने की तरफ भी सरकार ध्यान दे। यह नहीं होना चाहिये कि सस्ती चीजें पूर्वी जिलों में निकाल दें या पश्चिमी जिलों में निकाल दें और हमारे यहां बीच के जिलों में न पहुंचे।

इस वक्त सरकार हमारे सामने इन दो अनुदानों के अन्दर एक तरफ तो कन्ट्रोल की मशीनरी रख रही है जिससे जरूरत के वक्त किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो और दूसरी तरफ सरकार अपने हाथों में कुछ चीजों का वितरण रख रही है, इसमें किसी को आक्षेप नहीं हो सकता। माननीय मंत्री जी ने जो कुछ कहा उससे पूर्ण रूप से मैं सहमत हूं और सरकार की तरफ से हमारे सामने जो योजनायें रक्खी गयी हैं वह बहुत ही मुनासिब और सुन्दर हैं और मैं उनका समर्थन करता हूं।

श्री रामबली मिश्र (जिला सुल्तानपुर)---माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा माननीय मंत्री जी को उनके दोनों अनुदानों के पेश करने के लिये बधायी देता हूं और समर्थन करता हूं। अभी जैसा कि श्री काटजू जी ने बतलाया कि उनके जिले की गणना न पूर्वी जिलों में आती है और न पश्चिमी जिले में है उसी तरह से मेरा जिला सुल्तानपुर भी है। उसकी भी गणना न पूरब में आती है और न पश्चिम में आती है। जहां तक पूर्वी जिलों का सवाल है उसमें ७ जिले आते हैं जिसमें सुल्तानपुर नहीं आता है और इसी तरह से पश्चिम में भी नहीं आता है। मैं आपका ध्यान सुल्तानपुर की तरफ इस लिये विशेष तौर पर दिलाना चाहता हूं क्योंकि यहां पर सीमेंट की जो व्यवस्था की गयी है वह संतोषजनक नहीं है। प्रायः सीमेंट का जो कोटा निर्धारित किया जाता है वह विशेषकर कम्युनिटी प्रोजेक्ट के

हिस्से में चला जाता है और जिले की जो अन्य जनता है वह उससे वंचित रह जाती है । आजकल हमारे यहाँ बहुत लोग कुएं बनवा रहे हैं और मकान बनवा रहे हैं जिनके लिये सीमेंट का मिलना बहुत ही आवश्यक है । इसलिये हम चाहते हैं कि सीमेंट का कोटा जब निर्धारित किया जाय उस समय सुल्तानपुर का विशेष ध्यान रक्खा जाय। उसी प्रकार से कोल डस्ट का सवाल है । हमारे यहाँ प्राइवेट तरीके पर लोग भट्ठे लगाते हैं और कोआपरेटिव के भी भट्ठे हैं और उनका भी यह कहना है कि उनको कोल डस्ट पर्याप्त मात्रा में नहीं दी जाती । इसी प्रकार से हमारे यहाँ नमक भी पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंचता है जिससे कभी-कभी जनता को विशेष कष्ट होने लगता है । इसलिये इन बातों की तरफ आपके द्वारा मैं माननीय मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करता हूं और आशा करता हूं कि सुल्तानपुर की तरफ विशेष ध्यान दिया जायगा ।

*श्री गेंदासिंह (जिला देवरिया)---माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं सब से पहले तो उत्तर प्रदेशीय सरकार के इस बटवारे पर धन्यवाद दूंगा कि पोर्ट फोलियो का कम से कम ऐसा बटवारा जैसा कि माननीय गुप्ता जी के साथ हुआ है वैसा दूसरी जगह नहीं हुआ है । स्वास्थ्य और अन्न दोनों का सम्बन्ध ऐसा घनिष्ठ है कि दोनों को एक साथ करके यह बड़ी ही दूरन्देशी का काम माननीय मुख्य मंत्री जी ने किया है ।

मुझे एक बात पर अफसोस होता है मैंने जेलखाने में भी पढ़ा था कि सिंचाई के प्रश्न को लेकर और आज भी कुछ उसी तरह की चर्चा पूर्व और पश्चिम की चल पड़ी है । मैं उपाध्यक्ष महोदय, आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि कुछ पूर्व के जिलों की मिट्टी और पानी में ऐसी खूबी है कि वहाँ की आबादी बढ़ती चली जा रही है । पहले भी वहाँ की आबादी कुछ ज्यादा थी और आज भी वह आबादी उसी तरह से एक मर्तबा बढ़ जाने के बाद गुणा करके बढ़ती जा रही है । अब इसमें कोई क़सूर पूर्व वालों का तो है नहीं । हमने कई मर्तबा कई सुझाव भी इसके लिये दिये लेकिन उन सुझावों पर कोई विचार नहीं हुआ कि इस आबादी को किस तरह से कम करने की कोशिश की जाय । मैं इस सम्बन्ध में माननीय अन्न मंत्री जी के इस प्रबन्ध की बहुत तारीफ ही करूंगा लेकिन इस तारीफ में मैं यह भी कहूंगा कि आगे भी अन्न का बन्दोबस्त ऐसा रखना चाहिये कि जिसमें वहाँ लोग अन्न पा सकें । मैं आँकड़े देना चाहता हूं माननीय सदस्यों के सामने कि जो पिछले वर्ष आस्टेरिटी प्राविजनिंग स्कीम या पहाड़ की प्राविजनिंग स्कीम बनायी गयी थी उसमें इतना अनाज दिया गया । छः लाख मन अन्न पूर्वी जिलों को दिया गया था । मिर्जापुर को ४० हजार मन, गोरखपुर को १ लाख ६४ हजार मन, बलिया को ९७ हजार मन, आजमगढ़ को ८७ हजार मन, देवरिया को १ लाख ८० हजार मन, गढ़वाल को २ लाख ५६ हजार मन और अल्मोड़ा को १ लाख ६१ हजार मन दिया गया । इतना अनाज खरीदने से जाहिर है कि अगर इस तरह का मोटा अनाज वहाँ खरीदने की जरूरत पड़ती है तो इसमें कोई शक नहीं होना चाहिये कि वहाँ की आबादी, ज्यादा है और वहाँ की उपज कम है । इसलिये उनको ऐसा मोटा अनाज भी, जो अनाज कभी कभी खाने लायक नहीं रहता है, खरीद करके गुजारा करना पड़ता है । यह पूर्व और पश्चिम के जिलों की बात नहीं है, यह अभावग्रस्त जिलों की बात है और जो अभावग्रस्त जिले हैं उन जिलों पर इस सदन को विशेष ध्यान रखना पड़ता है ताकि उनको अभावग्रस्त की हालत से उठा करके सेल्फ सफिशेंट बनाया जाय । इसके लिये चाहे सीमेंट देने की जरूरत पड़े, चाहे पानी देने की जरूरत पड़े, चाहे पश्चिमी जिलों को अपना पेट काट करके उनकी मदद करने की जरूरत पड़े, लेकिन मैं समझता हूं कि इसके लिये हमारे पश्चिमी जिले या और कोई जिले कुछ उठा नहीं रखेंगे । मैं इसके लिये शुक्रगुजार हूं कि कभी पश्चिमी जिले के लोगों ने इस तरह का ख्याल जाहिर नहीं किया । मैं पूर्वी जिलों का नाम ही लेना गलत समझता हूं,

*वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

[श्री गेंदा सिंह]

मैं अभावग्रस्त जिलों का नाम लेता हूं चाहे वे पहाड़ के हों चाहे पूर्व के हों, कहीं भी हों, किसी भी दिशा में हों उन सभी के लिए इस बात की गुंजाइश पश्चिम जिले वालों को करनी पड़ेगी कि वे किसी तरह से अपना पेट भर अन्न और पहनने के लिये वस्त्र पा सकें। हम पश्चिमी जिलों की समृद्धि के कायल हैं और हम चाहते हैं कि हम भी उसी तरह से समृद्ध होकर देश की तरक्की करें। तो इस सम्बन्ध में मैं केवल इतना ही कह कर कि इस पूर्व और पश्चिम की कंट्रोवर्सी को न उठाया जाय, मैं दो एक बातें सुझाव की शक्ल में सरकार के सामने रखना चाहता हूं।

नमक के सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं अगर यह कहूं तो माननीय मंत्री जी क्षमा करें मुझे कहने के लिये कि उनके नमक के बटवारे में अराजकता है। नमक का जो नियन्त्रित भाव है उस भाव पर नमक कहीं नहीं मिलता है। मैंने जहां भी देखा है बाजारों में जा करके कहीं भी नमक साढ़े चार पैसे, पाँच पैसे या छै पैसे सेर, जो भी भाव हो इसको माननीय मंत्री जी बताने की कोशिश करेंगे नहीं मिलता है। देवरिया जिले में मैंने जा करके देखा कि दो आने सेर से कम भाव पर नमक मिलना संभव नहीं है। कहीं-कहीं पर जहां पर कि सरकार कचेहरियां हैं वहां पर जब बहुत कोशिश इस बात की की गयी तो दो चार रोज तक ६ पैसे सेर या ५ पैसे सेर नमक मिल गया। तो नमक के सम्बन्ध में चाहे वह मुजफ्फर-नगर की बात हो चाहे देवरिया की बात हो झगड़ा इस बात का है कि नियंत्रित भाव पर नमक लोगों को मिलता है या नहीं। मैंने पिछली मर्तबा भी यही बात कही थी और उस पर माननीय बलदेव सिंह ने एक पत्र भी लिखा था लेकिन मैं उदाहरण क्या दूं यह तो आम बात है।

उपाध्यक्ष महोदय, चीनी के सम्बन्ध में भी मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार की नीति चीनी के सम्बन्ध में बहुत गलत है। जहां निर्धारित कीमत कम की जाती है चीनी उप-भोक्ताओं को सस्ते दामों पर चीनी दिलाने के लिये तो गन्ना तो सस्ते दामों पर मिल वालों को मिल जाता है लेकिन चीनी उसी हिसाब से सस्ते दामों पर लोगों के पास नहीं पहुंचती। इसके लिये मैं समझता हूं कि सरकार को कोई ऐसा कदम उठाना चाहिये, भले ही वह कंट्रोल न हो, लेकिन मिल वालों को राजी करना चाहिये कि वे जिस भाव पर गन्ने की क़ीमत कम कराते हैं उसी हिसाब से चीनी भी कम दामों पर दिया करें।

साथ ही इसके मैं मकानों की बाबत भी कुछ कहना चाहता हूं। मकानों की जितनी परेशानी है उस परेशानी का अन्दाजा हमको भी है। मकानों के बटवारे में भी मैं समझता हूं कि काफी गड़बड़ी है और इतने कर्मठ माननीय गुप्ता जी के इस विभाग के मंत्री होने के बाद भी इस विभाग में मकानों के बटवारे के मामले में इतनी गड़बड़ी है उसको दूर करना चाहिये। इतने थोड़े समय में मैं हवाला नहीं दे सकता हूं नहीं तो मैं हवाला दे कर बताता कि इसमें बहुत गड़बड़ी है और जो लोग मकान चाहते हैं उनको मकान नहीं मिलता है।

साथ ही साथ मैं कैटेगरी के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहता हूं कि जो लोग फूड ऐंड सिविल सप्लाइज डिपार्टमेंट से निकाले गये हैं या जो लोग आज भी काम कर रहे हैं इसमें गड़बड़ी है और मुझे निजी तौर पर इस बात की जानकारी है कि चाहे इन्सपेक्टर हो, चाहे नीचे का कर्मचारी हो, जो अपने हाकिमों तक पहुंचने में ज्यादा सफल रहा और जिसने इस तरह की गुंजाइश की कि वह पहुंच सकता है उसको "ए" कैटेगरी में आने में ज्यादा दिक्कत नहीं होती है। मेरे पास इस तरह के कुछ उदाहरण हैं कि बड़े ईमानदार लोगों को भी "ए" कैटेगरी में आने में बड़ी दिक्कत पड़ी और जब तक खास तौर से उनके लिये कोई बन्दोबस्त नहीं हुआ तब तक वे "ए" कैटेगरी में नहीं पहुंच पाये।

गुड़ के सम्बन्ध में एक बात मुझे कहनी है कि इस समय अगर हमारी सरकार गुड़ की तिजारत को अपने हाथ में ले तो मैं समझता हूं कि वह बहुत कारगर तिजारत होगी। गुड़ की तिजारत हमारे प्रदेश में, जैसा कि पिछले दिन माननीय उद्योग मंत्री जी ने बताया कि आज भी हमारे प्रदेश में जितना गन्ना पैदा होता है उसका ५६ या ५४ फीसदी का गुड़ बनता है। यह हमारे प्रदेश में ही नहीं बल्कि मद्रास, सौराष्ट्र वगैरह दूसरे प्रदेशों में भी जाता है। लेकिन उसके लिये दिक्कत यह पड़ती है कि जिस वक्त चीनी बनने का मौसम होता है उस वक्त गुड़ के लिये वैगन्स सप्लाई नहीं होते हैं। उसको रोक दिया जाता है जिससे गुड़ सस्ता हो जाय ताकि मिल वालों को ज्यादा से ज्यादा गन्ना मिल सके। इसलिये मैं समझता हूं कि सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिये। यह एक बड़ा भारी व्यापार हमारे प्रदेश का है और अगर सरकार उसको अपने हाथ में ले कर, चाहे कोआपरेटिव बेसिस पर चाहे किसी और तरह चलाये तो इससे लाखों आदमियों का फायदा हो सकता है।

श्री चन्द्र सिंह रावत—उपाध्यक्ष महोदय, जिस दृढ़ता और चतुरता के साथ माननीय मंत्री ने हमारे प्रांत की खाद्य परिस्थिति को संचालित किया है उसके लिये वह बधाई के पात्र हैं। इसमें कोई शक नहीं कि हम आर्थिक दलदल से गुजरते हुये चले आ रहे हैं और बड़ी बड़ी मुसीबतें हमारे इस प्रांत और देश के ऊपर आयी हैं और उनका मुकाबिला जिस बहादुरी से किया गया है वह प्रशंसनीय है। परन्तु इसके माने यह नहीं हैं कि हमारे काम में कोई कमियां नहीं हैं। कमियां और खामियां रही हैं, रहती हैं और आज भी हैं और उन छोटी मोटी खामियों को, जोकि दूर की जा सकती हैं की जाय ताकि हमारी जनता को अधिक राहत मिल सके, मैं चाहता हूं कि सरकार उनकी ओर ध्यान दे। हमारे पहाड़ के जिलों में आमतौर से और गढ़वाल जिले में खासतौर से मैं सरकार को यह बताना चाहता हूं कि लोगों की खाद्य स्थिति बहुत कमजोर हो गयी है। अब सरकार जो अनाज पहाड़ों पर भेज रही है इसमें शक नहीं है कि सरकार ने बहुत बड़ा इम्दाद की है जिसके लिये मैं जनता की ओर से मंत्री महोदय और सरकार को धन्यवाद देता हूं परन्तु यह बात सर्व मान्य और सर्वसिद्ध है "people may die in thousands in the midst of plenty" लेकिन अनाज के होते हुये भी हम मजबूर हैं क्योंकि हमारे पास पैसा नहीं है। वहां लोग भूख से मर सकते हैं। मेरे जिले की परिस्थिति ऐसी खराब है कि मैं क्या बतलाऊं क्योंकि हमारी सरकार समझती है कि यह तो प्रोपेगेंडिस्ट हैं और झूठ बोलते हैं लेकिन मैं चैलेंज देता हूं और ठंडे दिल से सोचना चाहिये कि यह कोई भावना की बात नहीं है। हम तो इंसानियत की बात जानते हैं और इंसाफ की बात जानते हैं और इसी पर हम खड़ा रहना चाहते हैं। झूंठ के पांव पर हम खड़ा होना नहीं चाहते हैं।

हमारे मंत्री महोदय तथा अन्य साथी जा सकते हैं और देख सकते हैं कि वहां के लोगों की खाने पीने की कैसी दयनीय दशा है। सरकारी इम्दाद जरूर है लेकिन लोगों के पास खरीदने के लिये पैसा नहीं है। इसलिए मैं मंत्री महोदय की ओर सरकार को सुझाव दूंगा कि अगर सरकार इन गरीबों की और खासकर इन शिल्पकारों को जिनके पास न जमीन है, न सर्विस है, न कोई तिजारत ही है और वह लोग जो कई दिन तक फाके करते हैं और बड़ी मुश्किल से एक बार भी पूरा भोजन नहीं मिलता है उनके बच्चे भूख से तरसते हैं और पीड़ित हैं। उनके लिये मैं यह सुझाव पेश करना चाहता हूं कि जहां तक हो सके हमारे जिले के अन्दर टेस्ट वर्क खोलने की महान् कृपा करें इसके लिये हमारा जिला बड़ा कृतज्ञ होगा।

पौड़ी और लैंसडान सब डिवीजन में स्थिति दिन ब दिन खराब होती जा रही है और ४-६ फसलें खत्म हो चुकी हैं और लोगों के हाथ कतई नहीं आयी हैं। मैं एक दिन फूड कमिश्नर साहब से पौड़ी के बस स्टैन्ड पर मिला था और डी० एस० ओ० भी थे। मैं यह बतलाना चाहता हूं और माननीय मंत्री महोदय भी ध्यान दें। मेरा किसी को कंडम करने का

[श्री चन्द्र सिंह रावत]

कभी ध्येय नहीं रहता है और मैं इसको नीचता समझता हूं । लेकिन मैं और स्पष्ट कहना चाहता हूं कि वहां पर जो डी०एस०ओ० हैं उनके खिलाफ बहुत सी शिकायतें हैं । यह जो ठेके देते हैं वह खास लोगों को ही देते हैं और अनाज कम कीमत पर सरकारी खजाने से आता है वह सस्ते भाव पर लोगों को मिलता है । यह हमारी ड्यूटी है कि सरकारी खजाने का रुपया अधिक खर्च न हो कम से कम रुपया खजाने से बाहर निकलना चाहिये । इस प्रकार के हाकिमान के ऊपर कड़ी नजर रखने की जरूरत है ताकि हमारे देश में अच्छी व्यवस्था हो सके । दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि फूड कमिश्नर साहब ने बड़ी कृपा की जो वह मुझ से मिल लिये । दो तीन जगह जहां गवर्नमेंट गोडाउन्स की जरूरत थी । मैंने मंत्री महोदय को भी दरख्वास्त दी थी और उनसे भी कहा था लेकिन उनका कहना था कि दस मील के अन्दर हम नहीं खोल सकते हैं जब कि पहाड़ों के अन्दर ६ मील तक एक ड्यूटियाल ले जाता है वह एक थैले के ६ रुपये लेता है । आप समझ सकते हैं कि एक थैले के ६ रुपये देने पड़ते हैं जिसमें डेढ़ दो मन अनाज होता है । इस तरह से ३ रुपये फी मन मजदूरी देना पड़ती है ।

मैं निहायत अदब के साथ अर्ज करूंगा कि सरकार को इधर ध्यान देने की सख्त जरूरत है । अगर सरकार समझती है कि वह जनता की सरकार है । हम तो समझते हैं कि यह हमारी सरकार है और जनता के दुख-दर्द को दूर करने के लिये ही हम लोग यहां बैठे हुये हैं । मंत्री महोदय भी जनता के ही चुने हुये नुमाइन्दे हैं । इसमें कोई शक नहीं है कि आपने भरपूर कोशिश की है लेकिन फिर भी कमियां हैं और उनको दूर करने की जरूरत है और खास कर हमारे इलाके में पौड़ी और लैंसडाउन सब डिवीजन में ध्यान देने की जरूरत है । इडवालस्यू सितोन स्यू बनगढस्यू पूर्वी मनियारस्यू पश्चिमी मनियारस्यू और बनेल स्यू वगैरह में अकाल की कंडीशंस हैं और मैं चाहता हूं कि सरकार इधर ध्यान दे । उनकी परचेजिंग कैपेसिटी खत्म हो गयी है । इसलिये वहां पर जल्द से जल्द टेस्ट वर्क जारी करे । तो उन गरीबों की कुछ इम्दाद हो सकेगी वरना आपका जो अनाज भेजा जाता है उसको अच्छे लोग ही खा सकेंगे और शिल्पकार और दूसरे गरीब लोगों की कोई इम्दाद इस दिशा में नहीं हो पायेगी ।

श्री मदन गोपाल वैद्य (जिला फैजाबाद)—माननीय अध्यक्ष महोदय, आज जो अनुदान हमारे सामने पेश है उस विभाग की नीति के सम्बन्ध में प्रोग्रेसिव डिकंट्रोल के कारण जो सफलता मिली है उसके लिए मैं माननीय मंत्री को हार्दिक बधाई देता हूं और इस नीति से जनता में बहुत संतोष है और सब लोग चैन और आनन्द का अनुभव कर रहे हैं ।

मैं इस विभाग के सम्बन्ध में कुछ अनुभव आपके सामने रखना चाहता हूं । आम तौर से कंट्रोल का विभाग प्रायः लाइसेंस का ही एक तरह से विभाग है । लाइसेंस के सम्बन्ध में बहुत से लोगों को इस विभाग की ओर से बहुत से नाजायज लाइसेंस मिल गये हैं । आज ऐसा अवसर है कि विभाग के पास कम काम है । वह जांच कर सकता है कि जो लोग कभी भी किसी व्यवसाय को नहीं करते थे । उनको इम्पोर्टर और दूसरे किस्म के लाइसेंस मिल चुके हैं और वह उसका फायदा उठा रहे हैं । विभाग की ऐसी नीति रही है कि जो लोग अपराधों में पकड़े जाते हैं वह इस विभाग की सहायता से अपनी बीबियों के नाम लाइसेंस ले लेते हैं और इस प्रकार उनको कोई दंड नहीं मिलता और कभी कभी ऐसा भी होता है कि स्वयं अपने भी नाम लाइसेंस लेते हैं और साथ ही अपने लड़के और बीबी के नाम भी लाइसेंस लिया करते हैं और इस प्रकार से लाइसेंस के नाम से बहुत से नाजायज फायदे उठाया करते हैं ।

अन्न के सम्बन्ध में तो इस विभाग में काफी सफलता मिली है और फैजाबाद जो डेफिसिट डिस्ट्रिक्ट है उसमें भी अन्न के सम्बन्ध में काफी संतोष है।

वस्त्र के सम्बन्ध में सरकार की तरफ से ऐसा आर्डर जारी हुआ था कंट्रोल के जमाने में कि जो मिलमालिक थे उन्हें भी जिलों में अपनी शाखाएं खोलने का अवसर मिल गया और वे इम्पोर्टर, प्रोडयूसर और रिटेलर तीनों का प्राफिट उन जिलों से उठा रहे हैं यहव्यवस्था बन्द होनी चाहिए। इसके अलावा क्लाथ का काम कोआपरेटिव सोसाइटीज भी कर रही हैं। वह पहले इम्पोर्टर और रिटेलर का भी काम करती थीं। लेकिन मिलों की कमेटियों को बन्द कर दिया गया। कपड़े के जो भाव गिरे थे उसके कारण सोसाइटियों को काफी घाटा उठाना पड़ा और उनकी कमर टूट गई। कोई व्यवस्थित रोजगार उनके पास नहीं है। तो अगर कहीं सम्भव हो तो जो सोसाइटियां इम्पोर्टर का काम करती हैं तो उनको इम्पोर्टर और रिलेटर की सुविधा दे दी जाय। इससे उनकी आर्थिक हालत काफी सुधारी जा सकती है।

(इस समय ४ बजकर १० मिनट पर श्री अध्यक्ष पुनः पीठासीन हुए।)

नमक एक आवश्यक सामग्री है। कुछ जिलों में नमक महंगा आता था दूसरे जिलों में सस्ता आता था। फैजाबाद जिले में नमक मंहगा आता था। सुल्तानपुर में सस्ता आता था। फैजाबाद में कम्यूनिटी प्रोजेक्ट एरिया में बराबर कोशिश की गई कि सुल्तानपुर का नमक न आये लेकिन इस पर भी फैजाबाद का महंगा नमक १०–१० हजार बोरे पड़ा रहा और वहां बराबर सुल्तानपुर का नमक बिकता रहा। एक सोसाइटी के आनरेरी सेक्रेटी की हैसियत से कई वर्ष का मेरा अनुभव इम्पोर्टर के नाते है कि गवर्नमेंट की यह नीति कहीं सस्ता और कहीं महंगे नमक की नीति चल नहीं रही है और मेरा दावा है कि ९० फीसदी ठीक रिटेल के भाव से नमक कहीं नहीं बिक रहा है और रिटेलर के लोग मनमाने तरीके से और मनमाने भाव से नमक बेच रहे हैं। जब कम्युनिटी प्रोजेक्ट एरिया में वह चीज लागू नहीं हो सकती तो कहीं भी नहीं हो सकती। वहां महंगा नमक कोई नहीं उठाता और सुल्तानपुर से खरीद खरीद कर बराबर नमक वहां बेचा गया। कहा भी गया और लिखा पढ़ी भी हुई लेकिन कोई परिणाम नहीं हुआ और फैजाबाद में भी अब सस्ता नमक आने लगा है। मैं समझता हूं कि हर जिले में सस्ता और महंगा दोनों प्रकार के नमक देने चाहिये। नमक के विषय में एक और विशेष बात की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि जब नमक कंट्रोल शुरू किया गया तो फैजाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव फेडरेशन को मजबूत किया गया कि जिले भर का कोटा उठावे और जिले भर में सोसाइटी को अपनी तरफ से नमक के लिए गोदाम का इन्तजाम करना पड़ा, क्योंकि गोदाम बनाने के लिये उनको कोई मकान नहीं देता था इस लिए कि व्यापारी लोग प्रतिस्पर्द्धा करते थे। तो इस प्रकार सोसाइटी को गोदाम की व्यवस्था स्वयं करनी पड़ी और कोआपरेटिव फेडरेशन को ६ सेंटर बनवाने पड़े। इसके बाद आज यह व्यवस्था है कि जहां उनको ४२ वैगन फी महीने मिला करता था आज केवल २ वैगन नमक उनको मिल रहा है। आज कोआपरेटिव फेडरेशन की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है और इस सम्बन्ध में सरकार से जिला मजिस्ट्रेट के जरिये, सप्लाई आफिसर के जरिये बार-बार प्रार्थना की गई कि हमारा नमक का कोटा बढ़ना चाहिये लेकिन वह कोआपरेटिव फेडरेशन को और सब दूकानदारों के बराबर ही ट्रीट करते हैं और आज केवल २ वैगन नमक उन्हें दिया जाता है। हम आपका ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहते हैं कि इस विभाग ने कोआपरेटिव सोसाइटी को कभी सोसाइटी की दृष्टि से नहीं देखा और वह आज भी उसको महज एक दूकानदार समझते हैं और उसी के जैसा उसके साथ भी ट्रीटमेंट करते हैं। मेरा निवेदन है कि आप कोआपरेटिव सोसाइटीज को कुछ प्रिफरेंस दे देने की कृपा करें।

श्री शिवनारायण (जिला बस्ती)—माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे ऐसे महत्व पूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया। आज इस सदन के अन्दर जितने भी व्याख्यान हुये हैं उन्हें मैं यहां बैठे बैठे सुनता रहा। किसी ने कुछ कहा और किसी ने कुछ। मैं आपकी इजाजत से अपने सोशलिस्ट भाइयों से यह कहना चाहता हूं:
"if you will join hands we will also join hands otherwise we will march on"

हमारी गवर्नमेंट जब कंट्रोल की पालिसी को खत्म करना चाहती है, गान्धी जी के बताये हुए सिद्धान्त पर चलना चाहती है, देश में कंट्रोल को समाप्त करना चाहती है तो मैं देख रहा हूं कि उधर से इसको प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिस चीज को हम नहीं कहेंगे उसको आप 'यस' कहेंगे। मुझे माननीय त्रिपाठी जी की बातें सुनकर खेद हुआ और माननीय गेंदा सिंह जी ने भी मीठे मीठे शब्दों में उसी का समर्थन किया। तो मैं तो घबड़ाता नहीं और न हमारी सरकार घबड़ाती है। हम तो जो उचित काम होंगे उनको करेंगे। इस कंट्रोल को हम समाप्त कर रहे हैं और यह जा रहा है। आज कंट्रोल की आवश्यकता नहीं है। चन्द चीजें हमारे मंत्री महोदय ने निहायत सफाई के साथ सदन के सामने रखीं कि हमको इन इन चीजों की जरूरत है इस लिए हमने इनका कंट्रोल रखा। मैं फिर बताना चाहता हूं, एक सज्जन पहाड़ के हैं हमारे लायक दोस्त खाती जी रहते हैं पहाड़ पर मांगते हैं जमीन। पहाड़ वाला जमीन क्या करेगा यह मेरी समझ में नहीं आया। किसी साहब ने कहा कि साहब मुझको सीमेंट भी चाहिए और भुखमरी है गल्ला भी चाहिये। एक गांव की कहावत है कि हम तो गदहिया कुम्हार की, हमको धाम से क्या काम। तो अध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिये से उन सदस्यों से कहना चाहता हूं कि वह चीज जिसकी वाकई आवश्यकता है उसके लिये सरकार को तंग किया जाय तो ठीक है। मैं तो सरकार का आभारी हूं कि सरकार ने लाखों मन गल्ला पूर्वी जिलों को दिया और भुखमरी के जमाने में हमारे पूर्वी जिलों को बचाया, उसको खाने को दिया और एक एक बच्चे की जान बचाई। हमारे माननीय गेंदा सिंह जी ने कहा कि हम इसको नहीं चाहते। लेकिन उन्हीं के लाये हुए छोटे छोटे वे बच्चे थे जिनको वह पकड़ लाये थे यहां सिर्फ सरकार को दिखलाने के लिए और स्पीकर साहब को दिखलाने के लिए, उस जमाने में देवरिया से उनको लाये थे। बीसों रुपया किराया खर्च हुआ होगा। उसी बीस रुपया से गल्ला खरीद कर बांट दिया होता तो यह नौबत न आयी होती। तो मैं उनसे कहना चाहता हूं कि वाकई आज गल्ले की जरूरत है तो सरकार से लड़ा जाय और मैं भी कन्धे से कन्धा भिड़ाकर उसके लिये लड़ूंगा। लेकिन आप सीमेंट भी मांगते हैं और कहते हैं कि गल्ला भी दिया जाय और सीमेंट भी दी जाय। मैं कहता हूं कि सीमेंट पश्चिमी जिलों में दीजिए और उनसे कहिये कि रोटी हमें दीजिए। डंके की चोट पर उनसे रोटी लीजिए। यहां पर पिछले दिनों एक प्रश्न आया था, मैं आपकी इजाजत से उसका जिक्र कर देना चाहता हूं कि पश्चिमी जिले वालों ने डिमांड किया कि हम दिल्ली जाना चाहते हैं, दिल्ली चलो, दिल्ली चलो। लेकिन मैं भी कहना चाहता हूं कि हमको छोड़कर आप जायेंगे तो आप पछतायेंगे। यह घर अपना है। पुराना घर सबको अच्छा लगता है। तो मैं उनसे भी कहना चाहता हूं यह इस्टर्न और वेस्टर्न का क्वेशचन है जो उठाया जाता है यह बड़ा तकलीफदेह हो जाता है। कुछ लोगों ने ऐसी बात जैसे वह बीच में लटके हुए हों। बहुत बड़े माननीय सदस्य ने कहा। मैं उनसे निवेदन करना चहता हूं कि इस प्रान्त के मुख्य मंत्री पं० गोविन्द वल्लभ पन्त एक मंत्री हैं सारे प्रान्त की देखभाल वह करते हैं। न उनकी समझ में पूर्वी जिले हैं और न पश्चिमी। राजा अवधेश प्रताप सिंह चले गये। श्रीचन्द जी ने कहा था जो आदमी बीस साल तक मकान में रह ले उसको किराया नहीं पड़ना चाहिये। हमने जमींदारी अबालीशन किया उसका हमने मुआविजा दिया। उन्होंने श्रीचन्द जी का नाम नहीं लिया कहा एक मेम्बर थे। हर सदस्य को इस सदन में अधिकार है कि वह अपना विचार प्रगट कर सके। श्रीचन्द जी ने एक सुझाव दिया उस पर अवधेश प्रताप जी बरस पड़े जामे से बाहर हो गये। मैं पुनः आपके द्वारा इस सदन से कहना चाहता हूं कि जो भी कोई माननीय सदस्य कहे उसको ध्यानपूर्वक और आदरपूर्वक सुनना चाहिए।

कुछ चीजों पर अब भी कंट्रोल रखा गया है। मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि नमक को फ्री कर दिया जाय क्योंकि अभी आपने कहा कि कभी यह नमक दिया जाय कभी वह। नमक को इस लिए फ्री कर दिया जाय कि जो चाहे बेचे और जो चाहे जिस नमक को वह ले।

जिन लोगों ने इस विभाग में काम किया उन कर्मचारियों को कहीं न कहीं अवश्य लगाया जाय। सरकार ने ए० बी० सी० तीन कैटेगोरीज रखी हैं। ए लिस्ट में सबसे अच्छे कर्मचारी आते हैं। बी लिस्ट में नीचे और सी लिस्ट में सबसे नीचे रखे गये हैं। लेकिन मैं पुनः माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि उन कर्मचारियों को जरूर मौका दिया जाय।

श्री मदनमोहन उपाध्याय––माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी को उनके उत्साह पूर्वक कार्य करने के लिए बधाई देना चाहता हूं। हमारा इलाका एक ऐसा इलाका है जहां यह खाने की समस्या हमेशा के लिए रहेगी। यह कभी कम नहीं हो सकती है। अगर सरकार कहीं यह सोचे कि इस समस्या को एक दो साल चलायें और बाद में बन्द करदें तो यह बात नहीं है। न वहां जमीन है और न खेती हो सकती है जिस से हम अपने यहां के लोगों को खिला सकें। यह आवश्यक है कि हम लोग वहां से फल यहां भेज सकते हैं और माननीय मंत्री जी यहां के रहने वालों को खिला सकते हैं। इस लिए मैं माननीय मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि पहले जो हमारे ईशू गोडाउंस हैं, वहां पर नाज खच्चरों वगैरह के जरिये जाया करता था। उसका कुछ खर्चा भी सरकार दिया करती थी। लेकिन इस साल माननीय मंत्री जी ने उसे बन्द कर दिया है। हमें यह नहीं मालूम कि यह क्यों किया गया है। जैसा कि माननीय मन्त्री जी ने रिपोर्ट में लिखा है कि वह ईशू गोडाउंस देहातों में खोलेंगे, मुझे आशा है कि ऊपरी इलाकों में कि जहां पर एक एक मन सामान ले जाने पर १५ रुपये तक पड़ जाते हैं और माल बहुत मंहगा मिलता है, जैसे अगर बद्रीनाथ के लिए कोट द्वार से चलें तो १५ रुपया फी मन किराया पड़ता है। वहां जो यहां से ३ सेर की चीज चलती है, वह एक सेर बिकती है। इसलिए वहां पर बड़ी दिक्कत है क्योंकि ट्रांस्पोर्ट नहीं है। घोड़ों और बकरियों पर लोग अपना सामान लादकर गुजर बसर करते हैं इस लिए मैं प्रार्थना करता हूं कि देहातों में काफी ईशू गोडाउंस खोल दिये जायं और सस्ती कीमत पर अन्न जनता को दिया जाय।

हमारे यहां डेवलपमेंट का काफी काम शुरू हो रहा है। लेकिन लोहे सीमेंट का भाव बहुत महंगा है। मेरा सुझाव यह है कि सीमेंट और लोहे को भी उन ईशु गोडाउंस पर पहुंचाया जाय और सस्ते दामों पर लोगों को दिया जाय। तभी हमारे इलाके में डेवलपमेंट हो सकता है। नहीं तो जो सीमेंट की बोरी यहां ५ रुपये कुछ आने की मिलती है वह जब हमारे यहां पहुंचती है तो वह १३,१४ रुपये की हो जाती है। उससे हमारा विकास नहीं हो सकता। नहरें तैयार नहीं हो सकतीं अगर सीमेंट सस्ती कीमत पर नहीं जा सका तो।

अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से नमक बड़ा महंगा पड़ता है। अभी हाल ही में पौड़ी से चिट्ठियां आई थीं कि वहां एक आने का नमक फी हफ्ते मिलता रहा है। जब नमक की स्केयर सिटी है तो उससे माननीय मंत्री जी दूर करने की कृपा करेंगे। बहुत से लोग तिब्बत से नमक लाया करते थे लेकिन अब उनको नमक लाने के लिये प्रोत्साहन नहीं दिया जा रहा है। अगर इधर से नमक नहीं आता है तो तिब्बत से जो नमक आता था उसके आने का प्रबन्ध किया जाय ताकि तिब्बत के बार्डर पर जो लोग रहते हैं उनको काफी सहूलियत हो सके।

माननीय मंत्री जी ने इस बात की भी बड़ी कोशिश की है कि जो विभाग के कर्मचारी खाली हो रहे हैं उनको कहीं न कहीं सरकारी नौकरी मिल सके। बहुत से हमारे राशन में एकाउट्न्स डिपार्टमेंट के कर्मचारी जो ग्रेजुएट्स हैं, बी० काम हैं बेकार हो जायेंगे। जो हमारे प्लानिंग के

[श्री मदन मोहन उपाध्याय]

ब्लाक्स खुल रहे हैं उनको उसमें लगाने का प्रयत्न किया जाय ऐसा न हो कि उनको बेकार कर दिया जाय। उनको कहीं न कहीं लगाने का प्रयत्न करना चाहिये। जो गलत आदमी हों जिनकी शिकायत हो न एकत्र जांय।

एक सदस्य ने कुछ डालडा की बात कही। वे इस वक्त हैं नहीं। इसके लिये माननीय मंत्री जी क्या करेंगे। जब तक कोई दूसरा चारा न हो, कोई दूसरा साधन न हो, डेपोज नहीं खुल रहे हैं, जब तक तेल अच्छा नहीं मिलता तब तक डालडा ही इस्तेमाल किया जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय, हमारे यहां सबसे बड़ी समस्या फूड की है। हमारे यहां के लोगों के पास पैसा नहीं है अन्न खरीदने के लिये। किसी से बात करते हैं पहाड़ों की तो कहा जाता है कि वहां के मुख्य मन्त्री गोविन्द वल्लभ पन्त हैं, इसलिये तुम हवा खावो। लोग ज्यादातर रानीखेत और नैनीताल गये हैं। जहां अंग्रेजों ने करोड़ों रुपया खर्च कर बसा दिया है। अगर देहात में जाइये और वहां की हालत देखिये तो पता चलेगा कि वहां की आज क्या स्थिति है। उस पर माननीय सदस्यों ने कभी ख्याल नहीं किया। हम आपको आधे दामों पर फल खिला सकते हैं। हमारे यहां से रेलवे फ्रेट में आधे दामों पर फल भेजे जाते हैं। जब इतनी सहूलियत उधर से दी जाती है तो इधर से जब कोई चीज मांगे तो उस पर भी ध्यान देना चाहिये। इस लिये माननीय मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि वे इस ओर ध्यान देंगे। माननीय खाद्य मंत्री यह न समझें कि हम लोग केवल विरोध के लिये ही कोई बात कहते हैं। अस्पतालों वगैरह का जो इन्तजाम माननीय मंत्री ने किया है उसके लिये वह धन्यवाद के पात्र हैं और मैं आशा करता हूं कि जिस प्रकार से वह आज तक काम करते आये हैं वैसे ही भविष्य में भी करते रहेंगे। खाने पीने के मामले में राजनीति का प्रश्न नहीं होता और आशा है कि आगे भी ऐसा ही होगा।

श्री जोरावर वर्मा (जिला हमीरपुर)—माननीय अध्यक्ष महोदय, लगभग एक हफ्ते तक उठक बैठक करने के बाद आपने यह जो अवसर दिया है उसके लिये मैं आपको विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं। अध्यक्ष महोदय, यह मानना ही पड़ेगा कि लड़ाई के बाद खाद्य की जो परिस्थिति है उसको हमारे माननीय मंत्री जी ने कितने अच्छे ढंग से हैंडिल किया और आज हमारे सूबे में खाद्य की जो स्थिति है वह बड़ी अच्छी है इसके लिये मैं उनको धन्यवाद देता हूं। अध्यक्ष महोदय, जहां और अनुदानों में गांवों की अवहेलना की जाती है वहां इस सम्बन्ध में भी मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान इधर दिलाना चाहता हूं कि जो सीमेंट, कोलडस्ट और और चीजों का वितरण होता है उसमें सम्भवतः देहातों को एक परसेंट भी नहीं दिया जाता। हमारे यहां हमारा यह प्रान्त वस्तुतः देहातों में ही बसा हुआ है और देहातों के लिये नव निर्माण से हमारे प्रान्त की वास्तव में उन्नति हो सकती है। लेकिन मुझे दुख है कि देहात के लिये कोई सीमेंट या और इसी तरह की वस्तुयें जिससे भवन का अच्छी तरह निर्माण किया जाय वे नहीं दी जाती हैं और फिर मैं यह कहूं कि जो कुछ दिया जाता है उनमें हरिजनों का नम्बर शायद लाखों के बाद ही एक का आता हो तो यह कहना भी ठीक ही है। अध्यक्ष महोदय, कंट्रोल तो माननीय मंत्री जी ने तोड़ दिया और उसके लिये मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं लेकिन इस कंट्रोल को तोड़ने के बाद बेकारी की एक विशेष समस्या खड़ी हो गयी है। उन्होंने उसका कोई प्रबन्ध नहीं किया है और इस वजह से कैटेगरी में रखने में भी अन्याय हुआ है। उसके लिये कई माननीय सदस्यों ने उनका ध्यान आकर्षित किया। अध्यक्ष महोदय, मुझे ऐसे कई केसेज मालूम हुये हैं जिनको ए कैटेगरी में रखना चाहिये लेकिन उनको "सी" में रखा गया है। किसी उच्चाधिकारी ने अपने किसी क्लर्क की मारफत घूस ली है तो जब इस बात को ऊपर तक पहुंचाया या ऊपर तक यह बात गयी तो उससे नाराज होकर उनको उन्होंने सी कैटेगरी में रख दिया और फिर उसको उस विभाग से अलग कर दिया। मैं एक उदाहरण इसका देना चाहता हूं। एक जुगुलकिशोर हमीरपुर जिले के

श्री अध्यक्ष—इसमें कोई व्यक्तिगत बात नहीं आनी चाहिये।

श्री जोरावर वर्मा—अध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि इस सप्लाई डिपार्टमेंट के टूटने से बेकारी की समस्या खड़ी हो गयी है। उसकी तरफ विशेष ध्यान दिया जाय क्योंकि उनकी तादाद बहुत बड़ी है और अब वे मारे मारे फिरते हैं।

श्री दीनदयालु शर्मा (जिला बुलन्दशहर)—अध्यक्ष महोदय, आज कंट्रोल का अनुदान हमारे सामने पेश है सिद्धान्ततः कंट्रोल रहना चाहिये या नहीं रहना चाहिये यह तो विचारों की बात है परन्तु अब तो जनता ने उसकी पैदावार बढ़ा कर उसको पूरी तरह से तोड़कर कंट्रोल के चिराग को खत्म करने की ठान ली है। मैं यह समझता हूं कि कंट्रोल के सारे महकमों का यह आखिरी समय है और कुछ दिनों तक ही यह और चल पायेगा इससे आगे नहीं चल सकता है। मैं यह भी अर्ज करता हूं कि जो ४३ लाख रुपया हमारे इस अनुदान के अन्दर है जिसको हमसे आज पास करा रहे हैं यदि हम इस डिपार्टमेंट को बिलकुल ही तोड़ देते और किसी डिप्टी मैजिस्ट्रेट के सुपुर्द हम यह काम कर देते तो यह रुपया बच सकता था और वह रुपया दूसरे कामों में आ जाता जहां पर कि रुपये की ज्यादा जरूरत है। परन्तु चूंकि यह रुपया हमने अनुदान में दे दिया है और यह किसी न किसी तरह से खर्च होना चाहिये तो फिर मैं यह आशा करता हूं कि माननीय मंत्री महोदय, जैसा कि उनका कदम किफायत की तरफ जा रहा है सोच समझ कर इस विभाग की तरफ वह इस तरीके से खर्च करेंगे कि कोई फालतू खर्च न हो ताकि जो कंट्रोल है भी वह फिर न चले।

मैं यह जानता हूं कि खाद्य की समस्या हमारे यहां पर भी रही मगर उसमें कुछ असन्तोष रहा। कंट्रोल के जमाने के पिछले पन्नों को आप उठाकर देखें तो यह मालूम होगा कि कुछ सन्तोष नहीं रहा। माननीय मंत्री जी ने आज से कई साल पहले एक घोषणा की थी वैजीटेबिल घी के बारे में जो खाने की चीजों के अन्दर आता है और उसके लिये १० हजार रुपया इनाम देने की भी घोषणा की थी कि जो कोई हिन्दुस्तान में या बाहर इस घी में मिलाने के लिये ऐसा रंग निकालेगा कि वह अलहदा किया न जा सके उसे यह रुपया दिया जायगा। कई साल हो गये लेकिन आज तक ऐसा रंग नहीं मालूम हो सका है। मैं तो समझता हूं कि यह एक तरीके से विभागीय अकर्मण्यता है। इसमें कहीं भी यह बातें नहीं पाई गईं कि ऐसा रंग मिलाने को कोई ढूंढ़ने की कोशिश की गई है।

अध्यक्ष महोदय, आज मुझे बड़ा दुख हुआ जब मैंने यहां इस सदन में पूर्वी और पश्चिमी जिलों की चर्चा लगातार कई माननीय सदस्यों से सुनी। मैं देख रहा हूं कि हर अनुदान के सिलसिले में ऐसे सवाल उठाये जायें और जब माननीय गेंदा सिंह जैसे व्यक्ति ऐसा कहने लगते हैं तो मुझे ताज्जुब और भी अधिक होता है। मैं समझता हूं कि हम सब पूरे सूबे के प्रतिनिधि हैं। मैं और भी अचम्भे में आ जाता हूं जब यह सवाल उठाया जाता है कि पूर्वी जिलों में भुखमरी है और इसके साथ ही साथ मांग की जाती है लोहे, सीमेंट और कोयले की।

श्री गेंदासिंह—मैं एक पर्सनल एक्सप्लेशन देना चाहता हूं। मैं समझता हूं कि शायद हमें सुनने में माननीय शर्मा जी ज्यादती कर गये। मैंने यह कहा था कि पूर्वी पश्चिमी सवाल उठाना गलत है। पूर्वी अभावग्रस्त है इसलिये यह बात उठाई।

श्री दीनदयालु शर्मा—अध्यक्ष महोदय, मैंने तो यहां कई माननीय सदस्यों को और कई मर्तबा सुना पूर्वी और पश्चिमी जिलों की बात कहते हुये। हम यहां सबके सब सारे सूबे का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम ८१ करोड़ रुपया इकट्ठा करते हैं और उसे खर्च करने के लिये सारे के सारे बराबर सोचते हैं। सोचते हैं कि कहां और कितना रुपया खर्च करना है। सही माने में सोचने वाले और करने वाले तो और ही हैं मगर जिम्मेदारी तो हमारे ऊपर भी आ ही जाती है।

[श्री दीन दयाल शर्मा]

जिधर ज्यादा रुपया खर्च करने की जरूरत समझी जाती है वहां ठीक समझ कर ही ऐसा किया जाता है। कहां है पूर्वी जिले और कहां हैं पश्चिमी जिले, यह सवाल नहीं उठाना चाहिये। हां, अपनी कांस्टीट्यूएंसी के सवाल यहां लोग रख दें और मंत्रीगण उसकी ओर ध्यान देकर उचित कार्यवाही करें।

मैं समझता हूं कि उन लोगों को जरूर काम देना चाहिये जो इस विभाग से अलहदा होने वाले हैं। लेकिन जिन लोगों को कुछ लोग कल तक कोसते हैं और उनके लिये यहां रोते चिल्लाते थे आज वह उनको कैसे दयानतदार लगने लगे और उनके वास्ते आज वह कैसे कहते हैं कि उनको किसी और डिपार्टमेंट में लगाया जाय? हमारा एक तरीका होना चाहिये न कि केवल विरोध करने या किसी की हमदर्दी लूटने के लिये ही हम कुछ कहें, जो वाकया हो वही हमको सरकार के सामने रखना चाहिये तभी काम चल सकता है।

अन्न मंत्री के सभासचिव (श्री बलदेव सिंह आर्य)—अध्यक्ष महोदय, खाद्य विभाग की मांगों को प्रस्तुत करते हुये माननीय खाद्य मंत्री जी ने प्रदेश की खाद्य स्थिति पर विस्तृत प्रकाश डाल दिया है। यदि माननीय सदस्यगण उनके भाषण को भली प्रकार से मनन करें तो जो कुछ उन्होंने सुझाव दिये हैं और जो कुछ आपत्तियां की हैं वे उस भाषण की हैं वे उस भाषण से साफ-साफ जाहिर हो जावेंगी।

यहां पर यह कहा गया कि पूर्वीय और पर्वतीय क्षेत्रों में अन्न की कमी है। हमारे माननीय मंत्री जी ने इस पर प्रकाश डाल दिया है और इस चीज को सरकार ने स्वीकार भी कर लिया है जैसे ही सरकार को ज्ञात हुआ कि पूर्वीय जिलों में अन्न की कमी है तुरन्त ही कार्यवाही की गयी। मैं कुछ आंकड़े देकर यह बताना चाहता हूं कि पूर्वी और पर्वतीय जिलों को कितना गल्ला भेजा गया। और सरकार ने उस पर कितना व्यय किया। मैं यह स्पष्ट बता देना चाहता हूं कि पूर्वी जिलों में ए० पी० स्कीम काम कर रही है जिसके मातहत ७,३७,२४१ मन गल्ला भेजा गया है। ५३-५४ में जितना अन्न पूर्वी जिलों को भेजा गया उस अन्न को भेजने में सरकार ने जो सब्सीडी दी है वह २,९५,४८ रुपया होती है। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार की मंशा सदैव ही पूर्वी जिलों की मदद करने में रही है। यहां पर ऐसी बातें भी कही गयी हैं कि वहां पर नमक की कमी है सीमेंट और लोहे की कमी है। इसी कमी के बारे में हमारे माननीय मंत्री जी ने पहले ही बता दिया है। माननीय अध्यक्ष महोदय, जैसा कि आपको और सदन के सब माननीय सदस्यों को ज्ञात है कि हमारे प्रदेश में इस वर्ष महाकुम्भ का मेला हुआ। उस मेले के कारण यातायात की अनेक कठिनाइयां हो गईं। जिसकी वजह से ट्रांसपोर्ट की दिक्कतें हो गयीं और खाद्य विभाग जितनी शीघ्रता से प्रत्येक चीज जनता तक पहुंचाना चाहता था उतनी तेजी से वह न पहुंचा सका। अब कुम्भ का मेला समाप्त हो गया है इसलिये प्रत्येक जिलों को सीमेंट, लोहा और कोयले का सामान आसानी से पहुंच रहा है और माननीय सदस्यों ने जो कठिनाई अपने भाषणों में बताई है वह भी निकट भविष्य में दूर हो जायगी।

यहां पर्वतीय जनता का प्रश्न भी उठाया गया। पर्वतीय इलाकों में अन्न का हमेशा से ही डेफिसिट रहा है। इसको सरकार भी मानती है। इस ५३-५४ में १५ फरवरी तक पर्वतीय इलाकों को जो सामान भेजा गया है उसमें ४३०१०३ मन गल्ला भेजा गया और उस पर ९३९६८७ रुपया व्यय हुआ। पर्वतीय जिलों में जो गल्ला भेजा जाता है उसके ट्रांसपोर्ट चार्जेज भी सरकार को देने पड़ते हैं। गढ़वाल और अल्मोड़ा के पिछड़े हुए क्षेत्रों में अन्न की कमी रही है और उसको पूरा करने के लिए सरकार हमेशा अन्न भेजती रही है। मैं सदन को यह बताना चाहता हूं कि गेहूं जो यहां पर १८ या २० रुपया मन बिकता है उसको सरकार ने वहां के रहने वालों को १४ रुपया मन के हिसाब से दिया है। आप यह समझ सकते हैं कि बद्रीनाथ और पौड़ी गढ़वाल के इलाके में यदि इतना सस्ता गल्ला मिल जाय तो उनको यह कितनी बड़ी सेवा है।

इससे कितनी राहत वहां की जनता को मिली है, जिस पर सरकार लाखों रुपया खर्च करती है। यह कहा गया है कि वहां पर नमक की कमी है। नमक की कमी के सम्बन्ध में या दूसरी चीजों की कमी के सम्बन्ध में जैसा कि आपने बयान किया इस बीच में कठिनाई जरूर रही है लेकिन हमारे पास ऐसे आंकड़े हैं कि पौड़ी गढ़वाल तथा पिठौरागढ़ के इलाके में नमक की कमी नहीं रही। यह तब की बात है जब कि कुम्भ का मेला चल रहा था। उस वक्त कुछ ऐसा प्रतिबन्ध लगा था, जिस से नमक की कठिनाई एकदम न हो जाय और इस प्रकार की व्यवस्था कर दी गयी थी, जिस से ठीक तरह से लोगों को नमक मिलता रहे। तो हो सकता है कि कुछ दिनों तक प्रतिबन्ध लगाने की वजह से नमक की कमी रही हो, लेकिन कुम्भ समाप्त होने के बाद ऐसा कुछ प्रतिबन्ध नहीं है और आसानी से लोगों को नमक मिल रहा है, किसी प्रकार की कठिनाई वहां पर नहीं है। पिथौरागढ़ चूंकि नैपाल के बार्डर पर पड़ता है, लोगों की शिकायत हो सकती है कि नैपाल में नमक की स्मगलिंग होती है। पिछले दिनों इस विभाग के पास नैपाल के कुछ लोगों ने एक आवेदन पत्र दिया था, जो कि बोर्डर पर रहते हैं कि उनको भी यहां से नमक मिले, लेकिन नैपाल एक दूसरा देश है, इस लिए हमारे प्रदेश की सरकार उनको नमक नहीं दे सकती है। पिथौरागढ़ के इलाके में कभी कभी नमक की कमी हो जाया करती है।

यहां पर एक सवाल यह भी उठाया गया कि कोआपरेटिव सोसाइटीज को सहायता नहीं दी जाती। जैसा कि माननीय सदस्यों को मालूम है कि हमारे प्रान्त के शहरों में डिकन्ट्रोल हो जाने से सहकारी समितियों को गल्ला नहीं मिलता। वैसे अगर वे सरकारी गोदामों से खरीदना चाहें, तो किसी प्रकार की उनको रुकावट नहीं है। केवल जो रेट्स हैं, उन पर वह बिकेगा, क्योंकि सरकार अपने गोदामों से गल्ला तो बेचना ही चाहती है, तो इस प्रकार की सुविधा तो उनको मिलेगी लेकिन जिस प्रकार राशनिंग के समय में उनको सुविधा मिलती थी, अब उस प्रकार की सुविधा उनको प्राप्त नहीं है। इसी तरह से पूर्वीय क्षेत्रों मे ए० पी० शाप्स काम कर रही हैं और हिल एरियाज में जहां हमारे इश्यू गोदाम खुले हुए हैं, अगर वहां पर कोई सहकारी समिति सस्ते गल्ले के काम को अपने हाथ में लेना चाहे तो इसमें कोई रुकावट नहीं है और बहुत सी सहकारी समितियां बराबर इस काम को कर रही हैं। यहां पर यह भी कहा गया है कि पर्वतीय क्षेत्रों में कोई ऐसा स्थायी कार्य होना चाहिए जिस से उनकी स्थिति सुधर जाय। सचमुच यह चीज विचारणीय है। यद्यपि इसका इस अनुदान से कोई सम्बन्ध नहीं जान पड़ता कि यह विभाग इस पर विचार करे। सरकार को विचार करना चाहिए, यह तो सही बात है। यह कहा गया है कि तराई के इलाके में जो लोग बसाये गये हैं, वहां पर्वतीय लोगों को ही बसाये जाना चाहिए था, दूसरे लोगों को नहीं बसाया जाना चाहिए था। मैं समझता हूं कि इस प्रकार की भावना तो गलत है। यह ठीक है कि चाहे मैदानी हों, चाहे पहाड़ के उनको जरूर स्थान मिलना चाहिए लेकिन इस प्रकार भेदभाव का सवाल ठीक नहीं है। फिर भी जो बात है उस पर विचार किया जा सकता है।

जैसा कि त्रिपाठी जी ने कहा कि यह कैपिटलिस्ट इकनामी है। हम तो इस तरह की इकानामी चाहते हैं जिस से लोगों को खाना, कपड़ा मिले, लोगों की रहने की व्यवस्था हो, उनकी शिक्षा की व्यवस्था हो और जिसका उल्लेख माननीय मन्त्री जी ने अपने भाषण में किया है। मुझे यह कहने में जरा भी संकोच नहीं है कि हमारी सरकार की जो इकनामी पालिसी है उससे हमारे प्रदेश की सफलता होती जा रही है और हमें बहुत कुछ कामयाबी मिलती जा रही है। हम चाहते हैं कि जहां तक हो सके हमारे प्रदेश में जिन चीजों का अभाव है वे काफी मात्रा में उपलब्ध होने लगें ताकि फिर कंट्रोल की कोई आवश्यकता न हो। माननीय मन्त्री जी ने अपने भाषण में बतलाया था कि जैसे जैसे चीजें अधिक मात्रा में पैदा होने लगेंगी, वैसे-वैसे हमारे प्रदेश से कन्ट्रोल हटता जायगा। जिन चीजों के सम्बन्ध में माननीय सदस्यों ने कहा है उन पर विचार किया जायगा। हम तो चाहते हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों की जैसी स्थिति है उसमें

[श्री बलदेव सिंह आर्य]

जल्द से जल्द सुधार किया जाय और उनको अधिक से अधिक सहायता दी जाय। यह सहायता तो उनको मिलती ही रहेगी, उस समय तक जब तक कि अभाव विद्यमान है।

*श्री राम नारायण त्रिपाठी—अध्यक्ष महोदय, जिन प्रश्नों को मैंने उठाया था उनका किसी भी सरकारी दल के माननीय सदस्य की ओर से उत्तर आया नहीं। सिवाय प्लाण्ड एकोनामी की थोड़ी बहुत बातचीत आयी। इसके बारे में मैंने अपने प्रारम्भिक भाषण में बताया था कि जो कांग्रेस की प्लाण्ड एकोनामी है वह असल में कैपिटलिस्ट एकोनामी है। प्लाण्ड एकोनामी वह होती है जो किसी भी देश या प्रदेश के लिये समुचित योजना बनाने के लिये कि वहां कितने लोग बेकार हैं, कितने लोगों का खेती से गुजर हो सकता है, कितने लोगों को घरेलू उद्योग धंधों में लगाया जा सकता है, मिलों का राष्ट्रीयकरण कैसे होना चाहिये इन तमाम समस्याओं का सामूहिक रूप से प्रोडक्शन, एक्सचेंज, और डिस्ट्रीब्यूशन इन तीनों पर समाज का अधिकार हो वह सही माने में सोशलिस्ट एकोनामी है। समाज की एकोनामी बिल्कुल कैपिटलिस्ट एकोनामी है उसको धोका देने के लिये मिक्स्ड एकोनामी कही जाती है। यह दोनों एक ही शब्द हैं। अनुदान संख्या ४० में २ करोड़ ३९ लाख रुपया मांगा गया है उससे तो यह मालूम होता है कि अनुदान ४९ में असल में दो करोड़ ३९ लाख रुपया मांगा गया है। यह चतुरता क्यों बरती गयी है इसका कोई जवाब नहीं दिया गया है। व्यापार में गुड़ वगैरा की बिक्री से आय का प्रश्न तो मैंने उठाया था उस पर माननीय मंत्री जी अवश्य ही कुछ रोशनी डालने की कृपा करेंगे।

*श्री चन्द्रभानु गुप्त—अध्यक्ष महोदय, मैं इस सदन के सदस्यों का बड़ा ही अनुगृहीत हूं उनके इस भाव के लिये जो उन्होंने इस अनुदान के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट करते हुए बरता। पूर्व इसके कि मैं श्री रामनारायण जी के कुछ प्रश्नों का उत्तर दूं मैं अपना कर्तव्य समझता हूं कि श्री श्रीचन्द जी ने जो बात मकानों के सिलसिले में कही उसके सम्बन्ध में अपनी और सरकार की नीति स्पष्ट कर दूं। मैं श्रीचन्द जी से बिल्कुल सहमत नहीं हूं जब वह यह कहते हैं कि मकानों का एक तरह से राष्ट्रीयकरण कर लिया जाय और उन व्यक्तियों को रहने के लिये दे दिया जाय जो उसमें रहते हैं तो चाहे हमारे बीच में पूरी समाजवादी व्यवस्था भी हो जाय तो भी मकान उन व्यक्तियों के रहने के लिये दिया जायेगा जो व्यक्ति उन्हें बनायेंगे, अपने जीवन पर्यन्त रहने के लिये तैयार करायेंगे। लेकिन अगर आज वह इस विचारधारा को इस देश के अन्दर फैलाना चाहते हैं कि बहुत से व्यक्ति जो कि बहुत वर्षों से उन मकानों में रहते आ रहे हैं तो उसका नतीजा क्या होगा। आखिर हमारे प्रदेश में बहुत से व्यक्ति ऐसे हैं जो कि सरकारी नौकरियों में और अगर सरकारी कर्मचारी नहीं हैं तो गैरसरकारी जगहों में भी नौकरियां करते हैं वे मकान बनाते हैं अपनी आसाइश के लिये, अपने बच्चों की आसाइश के लिये, अब अगर वह एक स्थान से दूसरे स्थान को भेज दिये जाते हैं और उनकी गैरहाजिरी में वह मकान और किसी व्यक्ति को रहने के लिये दे दिया जाता है और वह व्यक्ति उस मकान में रहने लगता है तो जब वह सरकारी कर्मचारी या व्यक्ति छुट्टी पर आये या रिटायर होता है और वापस आता है तो क्या मैं यह समझूं कि श्रीचन्द जी के विचार के अनुसार वह अपने मकान में रहने से वंचित कर दिया जाय। यह कहां का न्याय है, यह कैसी समाजवादी व्यवस्था होगी। मैं इस प्रकार के विचार भी इस सदन के द्वारा बाहर भेजने के विरुद्ध हूं, इसलिये कि इस प्रकार के विचारों से लोगों को मकान बनाने के लिये प्रोत्साहन नहीं मिलता।

---

*वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

मैंने बताया था कि हमारे प्रदेश में मकानों की कमी है और मकानों का निर्माण हमारे प्रदेश में नहीं हो रहा है। तो वह सरकारी कर्मचारी या गैर सरकारी व्यक्ति है जिनके पास कुछ धन है यदि वह मकान बनाना चाहता है तो वह इस ख्याल से कि उसका मकान दूसरा व्यक्ति आकर ले लेगा और वह आकर उसमें रहने लगेगा तो उसको मकान को बनाने के लिये क्या प्रोत्साहन होगा। तो मेरा उनसे नम्रता से निवेदन है कि मकानों का जहां तक सम्बन्ध है और आज जब हम मकानों की समस्या को हल करना चाहते हैं तो हममें से किसी भी व्यक्ति को इस प्रकार का विचार नहीं रखना चाहिये कि मामूली आदमी का मकान यदि वह किराये पर दे दिया गया है और कोई व्यक्ति आकर किरायेदार बन गया है तो उसको जिसने मकान बनाया है मकान में रहने का जो हक है उससे वह वंचित कर दिया जायगा।

मैं अब, श्री रामनारायण त्रिपाठी जी ने कई प्रश्न अपने भाषण में सदन के सामने उपस्थित किये थे उनका उत्तर देना चाहता हूं। उन्होंने उस दो करोड़ की रकम के बारे में पूछा था, उसके बारे में मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि वह दो करोड़ की रकम जिस स्थान पर रक्खी गई है वह तो उस घाटे को पूरा करने के लिये या उस सब्सीडी को पूरा करने के लिये रक्खी गई है जो कि विभाग की ओर ऐसे स्थानों पर जहां गल्ले का वितरण हुआ था उसकी कमी को पूरा करनेके लिये, कैपिटल एकाउन्ट्स के स्थान पर रख दी गई है। हमारे इस विभाग में सब्सीडी देने के कारण काफी घाटा होता रहा है और अभी हम उस घाटे का हिसाब केन्द्र से नहीं कर पा रहे हैं। बहुत सा गल्ला केन्द्र से आता रहा है तो उस घाटे को पूरा करने के लिये वह २ करोड़ की रकम वहां दिखाई गई है। उन्होंने गोडाउन्स के चेक करने के बारे में बात कही। आज कल हमारे यहां गोडाउन्स का बाकायदा मोवाइना हो रहा है और जहां कहीं भी चेक करने पर हमें कोई दोषी मिलते हैं उन व्यक्तियों पर मुकदमें भी चलाये जा रहे हैं और उनके ऊपर और भी कानूनी कार्यवाहियां की जा रही हैं। उन्होंने कोआपरेटिव सोसायटीज की बाबत जिसका उत्तर हमारे भाई बलदेव सिंह जी ने दिया है। असल में जो कोआपरेटिव सोसायटीज विभिन्न नगरों में काम कर रही थीं उनको वह एरियाज सुपुर्द कर दिये गये थे जो पहले हमारे विभाग के अन्तर्गत चलाये जाते थे। तो जब सब एरियाज उनको ट्रान्सफर हुये थे उस वक्त उन सब एरियाज के चलाने के सम्बन्ध में कुछ रुपया दिया जाता था लेकिन अब जब नियंत्रण की व्यवस्था हमारे प्रदेश से हट रही है और विभिन्न क्षेत्रों से जो कंट्रोल था वह हट गया है तो गल्ले का वितरण भी दुकानों के द्वारा नहीं होता है। इसी-लिये उन सब एरियाज को रखने की व्यवस्था हमारे बीच में नहीं है और जब उसकी व्यवस्था नहीं है तो जो रुपया उन कोआपरेटिव सोसायटीज को उन एरियाज को चलाने के लिये दिया जाता था वह लाजमी तौर पर नहीं दिया जायगा। इसलिये वह रक़म जो कोआपरेटिव सोसायटीज को प्रत्येक वर्ष दी जाती थी, चूंकि वह सब एरियाज बन्द कर दिये गये हैं, रोक दी गई है। वैसे तो कोआपरेटिव सोसाइटीज को बहुत सी रकमें कोआपरेटिव डिपार्टमेंट के अन्तर्गत जो अनुदान है उसमें दी जा रही हैं और आइन्दा भी दी जायंगी। यही दो तीन प्रश्न उन्होंने इस सदन के सामने उपस्थित किये थे।

कई और सदस्यों ने कुछ ऐसे प्रश्न इस सदन में उपस्थित किये जिनसे सम्भवतः मैं सहमत हूं। श्री गेंदा सिंह जी ने शक्कर और शुगर केन के रेट के सम्बन्ध में कुछ बातें कहीं कि शुगर और शुगर केन के रेट्स इस तरह से होने चाहिए जिससे मिलों के मालिक ही स्वयं फायदा न कर लें। यह एक ऐसा मसला है जो केन्द्र से ज्यादा सम्बन्ध रखता है। यद्यपि शुगर और शुगर केन की इंडस्ट्री हमारे प्रदेश की इंडस्ट्री है। इसी चीज का निर्णय करने के लिए और इसी बात के ऊपर फैसला करने के लिए ट्रिपार्टाइट

[श्री चन्द्रभानु गुप्त]

कानफरेंस होने वाली है। उसमें ये प्रश्न उठाये जायेंगे। अवश्य यह ऐसा मसला है और यह बात निस्सन्देह प्रतीत होती है कि शुगर केन के दाम निर्धारित कर दिये जायें और शुगर बिना निर्धारित कीमत पर बिके और मिलों के मालिक उसे अधिक दाम पर बेचें तो यह अन्यायसंगत बात मालूम होती है। इसलिये अवस्था देखते हुए या तो वे नियंत्रित कीमत पर शक्कर बेचें या अगर न बेचें तो आपस में फैसला करें। मगर जहां तक इस समय तय करने का विषय है, यह कठिन बात है। इस प्रश्न पर इस समय मैं कत्तई तौर से कुछ नहीं कह सकता क्योंकि यह प्रश्न विचाराधीन है परन्तु अवश्य इस बात की चेष्टा सरकार की ओर से की जायगी कि आम तौर से मिल मालिक और किसान मिल कर ऐसा फैसला करें जिससे शुगरकेन की कीमत निर्धारित की जाय उसके अनुपात में जितनी शुगर की कीमत आये, उस पर शुगर बेची जाय। गेंदा सिंह जी ने यह भी कहा कि गुड़ का रोजगार सरकार स्वयं ले ले। आज से तीन चार पांच वर्ष पहले गुड़ का वितरण सरकार के नियन्त्रण में होता था और जब उसके नियंत्रण में होता था तब तमाम देश में शोर था, प्रदेश में शोर था कि इसका कंट्रोल हटे, इसका नियंत्रण हटे। तो हमें भी स्वयं नियंत्रण के विषय में कुछ निर्णय करना है क्योंकि जब नियंत्रण होते हैं तब आवाज उठती है कि नियंत्रण खराब है, इनको हमारे बीच में यह आवाज उठाई जाय कि उसी गुड़ के ऊपर नियंत्रण किया जाय। तो हम जो नियंत्रण के दोष हैं उनसे तो लड़ने की चेष्टा नहीं करते बल्कि हम नियंत्रण के बारे में यह राय बना लेते हैं कि नियंत्रण बहुत खराब है, उनको हटना चाहिये। मैं तो स्वयं उन व्यक्तियों में से हूं जो इस बात में विश्वास करते हैं कि जब तक हमारे देश के अन्दर चीजें कम हैं, जब तक हमें अपनी योजनाओं को प्लांड ढंग से चलाना है, तब तक कुछ चीजों के ऊपर जो कि कम पैदा होती है और कम मात्रा में उपलब्ध होती है अवश्य हमें नियंत्रण रखना पड़ेगा। परन्तु हमें नियंत्रण की जो नीति है, नियंत्रण का जो आदर्श है उसके पीछे जनता को चलाना होगा। यह नहीं हो सकता है कि मिनट भर में यदि एक चीज की कमी हो गयी और एक दिक्कत उसकी वजह से पैदा हो गयी, तब हम नियंत्रण की बात पैदा करें और जब थोड़ी मात्रा में वह चीज हो जाय तब उस नियंत्रण की बात भूल जायं। तो यह एक ऐसा विषय है जिसके ऊपर हमें गम्भीरता से विचार करना है।

श्री गेंदा सिंह---श्रीमान्, मैं यह जानकारी करा दूं कि गुड़ के व्यापार में सरकार को सहायता करने के लिये मैंने नहीं कहा। नियंत्रण की बात मैंने नहीं कही।

श्री चन्द्रभानु गुप्त---मुझे दुख है कि मैं तो यह समझा कि आप यह चाहते हैं कि गुड़ को दूसरे प्रदेशों में भिजवाने के लिये सरकार स्वयं प्रबन्ध करे। ऐसा मेरे ऊपर आप की बात का प्रभाव पड़ा। खैर, जहां तक सहायता देने का सम्बन्ध है, मैं समझता हूं कि हमारा इंडस्ट्री विभाग गुड़ के व्यापार को चलाने के लिये, बढ़ाने के लिये तरह-तरह की मदद अभी तक देता रहा है और आज भी उस व्यवसाय को प्रोत्साहन प्रदान कर रहा है।

कई और प्रश्न नमक की कमी के बारे में सदन में उपस्थित किये गये। मैं स्वयं इस बात को स्वीकार करता हूं कि इन तीन चार महीनों के अन्दर नमक की काफी कमी रही और इस कमी के कारण कई जगह पर नमक का नियंत्रित भाव नहीं रह सका होगा, ऐसा मैं अनुमान लगा सकता हूं क्योंकि जब नमक ऐसी वस्तु जो रोजमर्रा के जीवन में आवश्यकीय है यदि समय में किसी स्थान पर नहीं पहुंच सकती तो बीच का आदमी जो बेचने वाला है जब नियंत्रण करने के लिये हमारे पास कोई व्यवस्था नहीं है, वह आदमी अधिक कीमत पर अवश्य नमक बेचता होगा। ऐसा क्यों हुआ इसका माननीय सदस्यों को भली भांति-परिचय है।

श्री अध्यक्ष---प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या ४० के अन्तर्गत सम्पूर्ण अनुदान के अधीन एक रुपये की कमी की जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और अस्वीकृत हुआ।)

अनुदान संख्या ४०–लेखा शीर्षक ६३—असाधारण व्यय तथा
अनुदान संख्या ४९–लेखा शीर्षक ८५ क–राज्य व्यापार की
सरकारी योजनाओं पर पूंजी की लागत

श्री अध्यक्ष—प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या ४०–असाधारण व्यय (लेखा शीर्षक ६३–असाधारण व्यय) के अन्तर्गत २,२४,८८,००० रुपये की मांग स्वीकार की जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

श्री अध्यक्ष—प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या ४९ के अन्तर्गत सम्पूर्ण अनुदान के अधीन एक रुपये की कमी की जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और अस्वीकृत हुआ।)

श्री अध्यक्ष—प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या ४९–राज्य व्यापार की योजनाएं (लेखा शीर्षक ८५–क–राज्य व्यापार की सरकारी योजनाओं पर पूंजी की लागत) के अन्तर्गत ४३,१४,७०० रुपये की मांग स्वीकार की जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

(इसके बाद सदन ५ बजे सोमवार, १५ मार्च, १९५४ के ११ बजे दिन तक के लिए स्थगित हो गया।)

कैलासचन्द्र भटनागर,
सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊ;
१३ मार्च, १९५४।

विधान सभा सचिवालय

पी० एस० यू० पी० ए० पी०–१६३ एल० ए०—१९५४–८५०।